ज्यादातर टैक्सी वाले अब मुझे पहचानने लग गए। मुझे देखते ही वह कहते हैं, “साहब, ऊपर के इलाकों में सड़कें ख़त्म हो चुकी हैं... और गाँव के गाँव साफ़ हो गए हैं। हमारे किसी भी साथी की कोई खोज खबर नहीं है। अब तो बस भगवान्, और सेना का ही सहारा है। आप बस प्रार्थना करिए की आपका परिवार सही सलामत आपको मिल जाय।“

रात में होटल वाले ने जबरदस्ती एक रोटी मुझे खिला दी। दिन भर आपदा कार्यालय के चक्कर लगाता, फ़ोन की घंटी बजने का इत्नाजार करता, और समाचार में मृतकों की बढ़ती हुई संख्या देख कर मन ही मन मनाता की मेरा कोई अपना न हो! इतनी बेबसी मैंने अपने जीवन में पहले कभी नहीं महसूस करी। इतनी बेबसी, और इतनी खुदगर्जी!

इस आपदा में हुई और हो रही जान-माल की क्षति का आंकड़ा विकराल रूप से बढ़ता ही जा रहा है! मन में बस अब एक ही ख़याल आता है की अब बस! अब ये गिनती ख़त्म करो भगवान्! इतने दिन हो गए, और किसी से कोई संपर्क ही नहीं हो पाया है!

'काश! ये लोग ठीक हों! ओह प्रिया! प्लीज प्लीज! काश! तुम ज़िंदा हो..!'

छठा दिन:

राहत और बचाव कार्य बाधित हो रहा है, क्योंकि घाटी में फिर से तेज बारिश हो रही है, और धुंध छाई हुई है। सेना के हेलिकॉप्टर उड़ान ही नहीं भर पा रहे हैं! खबर आई थी की एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया! बचने गए वीर युवक, खुद ही पहाड़ों की भेंट चढ़ गए! एक अफसर से बात हुई, उन्होंने मुझे साफगोई से कह दिया,

“साहब, यह तो एक तरह से 'रेस अगेन्स्ट टाइम' है... मौसम खराब है, हर तरह के जोखिम हैं और अब तो महामारी का खतरा भी पैदा हो गया है... लोग अब बीमारी और भूख–प्यास से मर रहे हैं! कितनी मौतें हुईं, कितने लापता हुए और कितने लोग सुरक्षित निकाले गए - इस पर अब कोई भी बात बेमानी लग रही है, क्योंकि यहाँ कोई समन्वय नज़र नहीं आ रहा है, और न ही कोई एक सूची है। सच्चाई यह भी है कि खुद प्रशासन का कितना नुकसान हुआ है, इसका अंदाजा ठीक-ठीक अभी उन्हें भी नहीं है। इसके शिकार हुए लोगों का पता लगाना ही अपने आप में एक बड़ी चुनौती बन गयी है। हज़ारों की तादाद में लोग मदद की आस लगाए बैठे हैं। आप भी उम्मीद न छोडिए.. कुछ भी हो सकता है!”

सातवाँ दिन:

अब तो कोई उम्मीद ही नहीं बची है.. बस यंत्रवत रोज़ रोज़ राहत शिविर के दफ्तर पहुँच जाता हूँ। वहाँ लोगों से कई बार प्रार्थना भी करी है की मुझे भी सेवा का अवसर दें.. लेकिन वहाँ किसी के पास समय नहीं है। कई सारे लोग बचाए भी जा चुके हैं, लेकिन इन लोगों का कोई नामोनिशान ही नहीं है!

‘अरे! फ़ोन बज रहा है..’

कोई अनजाना नंबर था। स्थानीय! दिल धाड़ धाड़ कर के धड़कने लगा।

“हेल्लो?” मैंने बहुत उम्मीद से बोला।

“जीजू..?” यह तो अश्विनी की आवाज़ थी।

“अश्विनी?”

“जीजू... हू हू हू..” वो बेचारी रोने लगी!

‘हे भगवान्!’

“अश्विनी.. तुम ठीक तो हो न?”

“जीजू.. प्लीज आप मुझे ले चलो.. हू हू हू..” रोते हुए उसकी हिचकियाँ बांध गईं।

“हाँ अश्विनी.. बताओ कहाँ हो? बाकी लोग कैसे हैं?”

उत्तर में अश्विनी सिर्फ रोती रही।

“साहब, आप फलां फलां जगह पहुँच जाइए.. एक्सट्रैक्शन वही हो रहा है..”

“जी हाँ.. जी.. ठीक है.. मैं आ रहा हूँ..”

“ओह भगवान्! तेरा लाख लाख शुक्र है!”

कह कर मैं बिलख बिलख कर रोने लगा। कोई देखे या नहीं.. मुझे कोई परवाह नहीं! जब सब उम्मीदें छूट गईं, तब देखिए! कैसे खुशखबरी आई! कोई तीन घंटे की मशक्कत के बाद मैं राहत शिविर / एक्सट्रैक्शन कैंप में पहुंचा। वहाँ की हालत तो और भी दयनीय थी। बचाए गए सभी लोगों की आँखों में राहत और आस की नमी थी। साफ़ दिख रहा था की वो सभी बेहद भूखे और बेबस थे, और अब उनके अन्दर किसी भी तरह की शक्ति नहीं बची हुई थी। वाजिब भी है - इन लोगों को एक हफ्ता हो गया, कुछ भी खाने को नहीं मिला था.. और पीने के लिए भी सिर्फ गन्दा पानी ही नसीब हुआ होगा। ज़मीन पर एक व्यक्ति लेटा हुआ था... उसकी हालत देखकर मुझे नहीं लगा की उसके बचने की कोई उम्मीद होगी। सभी के कपड़े फटे हुए और मैले-कुचैले हो गए थे... या तो वो खड़े थे, या फिर लेटे हुए थे।

एक वृद्ध मुझे देखते ही बोला, “हे बबुआ, हम हाथ जोड़ित है.. हमका हियाँ से ले चला।”

बेचारे को लगा होगा की मैं उसका पुत्र या कोई सगा सम्बन्धी हूँगा! एक तरफ कुछ लोग उल्टियाँ कर रहे थे।

‘ये लोग दिख क्यूँ नहीं रहे हैं?’ अचानक मेरी नज़र एक तरफ ज़मीन पर लेटी हुई लड़की पर

पड़ी.. ‘अश्विनी!’

“अश्विनी?” ‘हे भगवान्! क्या हालत हो गयी है इसकी! इतनी प्यारी बच्ची.. और ये दशा?’ उसके कपड़े बुरी तरह से फटे हुए थे। बुरी तरह से मैली कुचैली, ज़ख़्मी, बेदम!

“जीजू? ओह जीजू!” कहते हुए वो मुझसे लिपट गयी।

“तुम ठीक तो हो अश्विनी?”

उसने सर हिला कर हामी भरी।

“बाकी लोग कहाँ हैं?”

मेरे प्रश्न पर उसकी आँखें भर आईं.. उसने बस ‘न’ में सर हिलाया। मुझे समझ आ गया की वो बात करने की दशा में नहीं है। मैंने वहाँ उपस्थित अधिकारी से बात करी, तो उन्होंने बताया की मेरे परिवार का कोई और सदस्य उनको नहीं मिला.. अश्विनी अकेली ही थी। वही बता सकती है की बाकी लोग किधर हैं! मैंने वहाँ पर सारी ज़रूरी औपचारिकताएं पूरी करीं, और अश्विनी को होटल ले आया। रास्ते में आते आते वो या तो गहरी नींद सो गयी, या फिर बेहोश हो गयी। बेचारी की क्या दशा हो गयी थी!! कोई और समय होता तो ऐसी हालत में किसी लड़की को लाने पर होटल के सभी लोग शक करते, लेकिन आज सभी सहयोग कर रहे थे। सामूहिक विपत्ति में समाज में मित्रों की संख्या बढ़ जाती है।

उन्ही की मदद से मैंने अश्विनी को बिस्तर पर लिटाया, और फिर दरवाज़ा बंद कर के उसके सारे कपड़े उतारे। उसके पूरे शरीर पर चोट, और कटने के निशान दिख रहे थे। शरीर में सूजन तो थी, लेकिन उसके तलवे काफी सूजे हुए थे, और साथ ही साथ उन पर फ़फोले पड़े हुए थे। उनमे से कुछ फूट भी गए थे, और वो घाव खुले भी हुए थे। मैं उसको बिस्तर में लिटा कर उसके लिए ज़रूरी वस्त्र, और डॉक्टर का इंतजाम करने चला गया। डॉक्टर के साथ वापस आया तो देखा की अश्विनी अभी भी सो रही थी, और उसका शरीर तप रहा था।

उन्होंने अश्विनी की पूरी तरह से जांच करी, और उसको इंजेक्शन दिया, और कुछ दवाएं लिख कर दीं। बताया की कोई डरने की बात नहीं लगती, बस अश्विनी को कुछ हल्का खिलाता रहूँ.. जैसे की जूस, सैंडविच इत्यादि, जब तक उसकी ताकत वापस न आ जाय! एक बार ताकत आने पर बुखार खुद ही उतर जाएगा। उनको बस इसी बात का डर है की कहीं उसको डि-हाइड्रेशन न हो जाय!

अश्विनी देर शाम को ही उठ पाई। तब तक मैं उसके लिए जूस, और सैंडविच इत्यादि का इंतजाम कर लाया था। मैं उसको बिस्तर से उठा कर बाथरूम ले गया, जहाँ अन्य ज़रूरी कामों के साथ मैंने उसको नहलाया भी। वापस आ कर मैंने उसको कपड़े पहनाये – वो इतनी

कमज़ोर हो गयी थी की खुद के बल पर बैठ भी नहीं पा रही थी। खाना भी मैंने उसको अपने हाथों से ही खिलाया। और सबसे अंत में दवा पिलाई। फिर उसको वापस बिस्तर में लिटाया।

मैंने प्यार से उसके बालों को सहलाते हुए पूछा, “अश्विनी, अब ठीक लग रहा है?”

अश्विनी की आँखों से आंसू टपक पड़े।

“कोई नहीं बचा, जीजू! कोई नहीं..”

मेरे ऊपर मानो बिजली गिरी! ‘कोई नहीं..! मतलब!’

जब तक कोई निश्चित बुरी खबर नहीं मिलती, तब तक आशा बंधी रहती है। मेरी भी आशा बंधी हुई थी की शायद प्रिया और बाकी सभी जीवित होंगे... लेकिन अश्विनी के इस एक वाक्य ने वह आशा भी छीन ली। मैं बुरी तरह से फूट पड़ा – मानो, थमा हुआ बाँध अचानक ही टूट गया हो। मेरे पैर... जैसे उनमें से सारी जान निकल गयी हो। मेरा सर चकराने लगा, और मैं अचेत हो कर गिर गया।

रजनीगंधा की मस्त कर देने वाली खुशबू मेरे नथुनों के रास्ते से आ कर मुझे आंदोलित कर देती है। मेरी चेतना वापस आती है। आँख खुलती है, तो मुझे लगता है की मानो मैं स्वर्ग के नंदन वन में हूँ। चारो तरह चांदनी फैली हुई है, और हरी भरी घास पर ढेर सारे पुष्प खिले हुए हैं! वैसे ही जैसे फूलों की घाटी में देखे थे!

'क्या बात है! लेकिन.. लेकिन, वो रजनीगंधा की खुशबू?'

मैं उठ कर देखता हूँ तो एक तरफ छोटा सा तालाब, जिसमें कई सारी कुमुदनियाँ अभी सुप्त अवस्था में थीं। दूसरी तरफ नज़र दौड़ाई तो देखा की एक बहुत ही सुन्दर सा घर था – उस घर के प्रथम तल पर स्थित एक बड़ी खिड़की से रौशनी छन कर बाहर आ रही थी। दिमाग की एक झटका सा लगा – यह तो वही घर है जैसा मैंने और प्रिया ने साथ में सोचा था! एक बार और मैंने नज़र दौड़ाई, तो देखा की तालाब के समीप ही एक स्त्री, एक छोटी सी लड़की के साथ खेल रही है।

'ओह! रजनीगंधा की सुगंध उसी तरफ से आ रही है।'

अचानक उस स्त्री की दृष्टि भी मेरे ऊपर पड़ती है; वो खेलना बंद कर मेरे पास आती है.. प्रिया को देख कर मैंने मुस्कुरा उठता हूँ। वो खजुराहो की मूर्तियों जैसी सर्वांग सुंदर दिख रही है - अत्यन्त कमनीय! दरअसल, उसने खजुराहो की मूर्तियों के समान ही वस्त्र पहने हुए हैं – कमर के नीचे धोती है, और स्तनों को ढके हुए कंचुकी! इन वस्त्रों में प्रिया के रूप सौंदर्य और अंग-प्रत्यंग की रचना देखते ही बन रही है। उसके वक्ष गोलाकार थे, और शरीर चांदनी में चमक रहा था। आँखों में वही परिचित चंचलता और मादकता!

वो प्रेम से मेरे सर को अपनी गोद में रखकर मुझसे कहती है, "जानू.. उठ गए!"

मैंने एक गहरी सांस भरी – रजनीगंधा की मादक खुशबू मेरे पूरे वजूद में समां गई। समझ नहीं आ रहा की सो जाऊं या जागूँ?

"आई लव यू!" मैंने आँख बंद किये किये कहा।

उत्तर में प्रिया खिलखिलाई! फिर रुक कर बोली, "अच्छा.. एक बात बताओ.. सुन्दर है न?"

"बहोत!" मैंने प्रिया की कंचुकी में उंगली डाल कर उसको नीचे की तरफ खींचा। उसका बायाँ स्तन कंचुकी के बंधन से मुक्त हो गया। मेरी हरकत पर प्रिया ने मेरे हाथ पर एक हलकी सी चपत लगाई।

"गंदे! मैं नहीं...",

कहते हुए उसने एक तरफ अपनी उंगली से इशारा किया,

"... हमारी बेटी!"

प्रिया की इस बात पर मेरा सर एक झटके से दूसरी तरफ उस छोटी लड़की को देखने के लिए मुड़ता है। मेरी आँख एक झटके से खुलती है। मेरे चेहरे पर अश्विनी झुकी हुई है और बदहवासी में मेरे दोनों गालों को पीट रही है।

"जीजू.. उठिए.. प्लीज.. उठिए! ओह थैंक गॉड!"

मेरा सर अश्विनी की गोद में था – उसने जब मेरी आँख खुली हुई देखी तो उसके चेहरे पर कुछ राहत के भाव आये।

"जीजू... आप ठीक तो हैं न?"

"ह्म्ह..हाँ.. मैं ठीक हूँ.." कहते हुए मैं उसकी गोद से उठ कर बैठ जाता हूँ। लेकिन सदमे का असर अभी भी था – मेरा सर फिर से चकरा गया, तो मैं सर थाम कर बैठ गया। अश्विनी मुझे पकड़ कर पुनः रोने लगी।

"सब ख़तम हो गया.. सब.." कहते हुए उसकी एक बार फिर से हिचकियाँ बंध गईं। मैं तो मानो काठ का हो गया! क्या कहूँ? अश्विनी कुछ देर रोने के बाद खुद ही कहने लगी,

"बाढ़ से बचने के लिए हम लोग होटल बाहर निकले। होटल का अहाता बुरी तरह से टूट गया था, और वहाँ से पानी बह रहा था – वहीँ से बाहर निकलते हुए माँ का पैर फिसल गया। पानी की धारा इतनि तेज़ थी की गिरने के बाद वो फिर कभी नहीं दिखाई दीं। पापा उनको बचने के लिए अहाते में कुछ देर तक गए, और जब वापस आये तो लंगड़ा कर चल रहे थे – शायद उनके पैर में मोच आ गयी थी।

हमने देखा की आस पास के कुछ लोग पहाड़ की ढलान के ऊपर की तरफ जा रहे थे, इसलिए हम लोग भी उधर ही चलने लगे। जैसे-तैसे हम लोग ऊपर पहुंच गए, लेकिन उस चढ़ाई को करने में बहुत समय लगा – न दिन का पता चलता और न रात का! दीदी तो प्रेगनेंसी के कारण पहले ही कुछ कमज़ोर थीं, और भूखी प्यासी रहने के कारण उसकी हिम्मत जवाब दे गई। और वो वहीँ बेहोश होकर गिर गयी। पापा ने कहा की वो कुछ खाने के लिए लाते हैं, लेकिन पूरा दिन भर तलाशने के बाद भी उनको कुछ भी नहीं मिला।

हमारे साथ जो लोग ऊपर जा रहे थे उनमे से उस समय तक कोई नहीं दिख रहा था – शायद वो किसी और तरफ निकल गए, या फिर .. बह गए! मदद देने के लिए अब कोई नहीं था। खैर, पहाड़ पर घास भी उगी हुई थी, और उसको देख कर पापा ने सोचा की शायद उसको खाया जा सकता है। लेकिन उनको कुछ शक था की वो घास खाने लायक है भी, या नहीं!

लेकिन, उनका शक सही था... वो वाली घास ज़हरीली थी। उसको खाने पर उनको अच्छा तो नहीं लगा तो उन्होंने उसको थूक दिया – लेकिन लगता है की कुछ ज़हर अन्दर चला गया। दिन भर उल्टियाँ करने के बाद उनकी भी मौत हो गयी।

दीदी अब और चल नहीं सकती थीं.. इसलिए मैंने उसको वहीँ लिटा कर मैं आस पास खाने को ढूँढने गयी। शायद किसी पक्षी ने कुछ मांस गिरा दिया था। वो मैंने और दीदी ने मिल कर खाया। रात में डर लगता - लगातार बारिश, ठंड और जंगली जानवरों का डर बना रहता था। मरने वालों के शवों को कुत्ते और अन्य जानवर खा रहे थे। अगले दिन दीदी की हालत काफी खराब हो गयी। भूख, कच्चा मांस, डिहाइड्रेशन, कमजोरी, संक्रमण... रात में जब वो सोई तो उसका शरीर कांप रहा था। बाहर ठंडक भी बहुत हो रही थी। मैं जब सवेरे उठी तो देखा की दीदी नहीं बची..! रोने के लिए अब तो आंसू भी नहीं बचे थे! दो दिन तक जैसे तैसे जंगली जानवरों से बचते हुए मैं रही... फिर कल मैंने हेलिकॉप्टर की आवाज़ सुनी तो उसको इशारा किया... न जाने कैसे उन्होंने मुझे देखा और वहाँ से निकला। अब यह नहीं समझ आता की मैं लकी हूँ, या एकदम मनहूस!“

जीवन भी अजब है। क्या क्या रंग दिखलाता है। सब कुछ... इसी जन्म में हो जाता है, सब यहीं मिल जाता है! तीन साल भी हम साथ नहीं रह पाए! तीन साल भी नहीं!

‘हे देव! इतनी क्रूरता! ऐसे लेना था, तो दिया ही क्यों? प्रिया ने ऐसा क्या किया था की उसकी इस तरह से मृत्यु हो? वह बेचारी सभी की हंसी ख़ुशी के लिए ही सब कुछ करती थी। किसी के प्रति उसके मन में कोई भी विद्वेष नहीं था। फिर क्यों? कहाँ है भगवान? कैसा भगवान?’

२३

मैं एकदम अकेला हूँ! एकदम अकेला.. मेरे हर तरफ एक भीड़ जैसी है.. घर में रहो, सड़क पर निकालो, या फिर ऑफिस जाओ... हर तरफ लोगों की कोई कमी नहीं है.. लेकिन, मैं नितांत अकेला हूँ! सोसाइटी में लोग जब मुझे देखते हैं तो मानो उनको लकवा हो जाता है.. बात करते करते चुप हो जाते हैं, मुझे देख रहे होते हैं तो किसी और तरफ देखने लगते हैं.. कन्नी काट लेते हैं.. जैसे की मुझे कोई रोग हो!

मुझे भी मुक्ति चाहिए! लेकिन आत्महत्या कर नहीं सकता। ऐसा लगता था मानो पानी की कोई तेज धारा आये और मुझे बहा ले जाये.

वसीयत में मैंने अपना सब सब कुछ अश्विनी के नाम लिख दिया है, और अपनी आखिरी इच्छा के लिए निर्देश दिया है की मृत्यु के बाद मुझे विद्युत् शव-दाह गृह में जलाया जाय। क्यों बेकार में लकड़ियाँ जलाना?

प्रिया की मृत्यु के बाद बीमा राशि और सरकारी सहायता से मिली हुई रकम मिला कर मैंने एक ट्रस्ट-फण्ड बनाया, जिसका एक ही उद्देश्य था – गरीब परिवार की चुनी हुई मेधावी क्षात्राओं को उनकी उच्च शिक्षा (कम से कम स्नातक स्तर तक) तक पूरी सहायता देना। मेरे ऑफिस, और प्रिया के कॉलेज के लोगों ने इस फण्ड में भरपूर योगदान दिया था, जिससे अब यह एक स्थाई क्षात्रवृत्ति बन चुका था। बाकी का सारा निबटारा होने वाली सारी राशि (अश्विनी के माता पिता की बीमा राशि और सरकारी सहायता), और उत्तराँचल की सारी ज़मीन इत्यादि मैंने कानूनी सहायता से अश्विनी के नाम लिखवा दी। कम से कम उसका जीवन तो अब स्थिर हो गया था।

मुझे लग रहा था की अब मेरे जीवन का मकसद पूरा हो गया है.. 'प्रिया! मुझे भी अपने पास बुला लो!' बस मैं यही एक बात रोज़ मन ही मन दोहराता। एक साल हो गया था मेरा परिवार नष्ट हुए! परिवार क्या, पूरा संसार नष्ट हुए! संसार की सबसे निराली लड़की को मुझसे आज से एक साल पहले काल ने छीन लिया। उसके साथ साथ छीन लिया उसने मेरी संतान को – मेरी बेटी! साथ ही चले गए मेरे माता और पिता भी! दोनों माता पिता!

'कैसा क्रूर मजाक!'

कहते हैं की जीवन किसी के लिए नहीं रुकता! चलता ही रहता है.. लेकिन किस ओर? मैं तो अब हर क्षण बस मृत्यु का ही इंतज़ार कर रहा हूँ। हाँ – खाता हूँ, पीता हूँ, सोता हूँ.. टीवी भी देख लेता हूँ.. क्या करूँ? जीना पड़ रहा है! लेकिन क्या जीना! मैं सब कुछ अकेले ही करता हूँ। हाँ – घर में अश्विनी भी रहती है। लेकिन, उससे तो बस नाममात्र की बातें होती हैं। कभी कभी दुःख होता है की इस सब में उसकी क्या गलती! मैं क्यों उसके साथ ऐसे बर्ताव करूँ? आखिर मेरे साथ साथ उसने भी तो अपना परिवार खोया है! लेकिन, फिर भी.. एक अजीब

तरह की बेबसी होती है.. अजीब तरह की कसक.. अक अजीब तरह का आक्रोश!! कुल मिला कर, उससे अधिक बात नहीं हो पाती! अब तो लगता है की किसी से भी मैं ठीक से बात नहीं कर पाऊँगा!

उस दुर्घटना के कुछ ही दिन बाद की बात है... मैं कमरे की खिड़की से बाहर किसी अनंत शून्य में देख रहा था।

अश्विनी मेरे पीछे आ कर कहती है, “आप क्या देख रहे हो?”

मैंने कई दिनों से खुद को जब्त किया हुआ था.. उस एक वाक्य ने न जाने कैसे मेरे सब्र के बाँध को ढहा दिया। मैंने चिड़चिड़े ढंग से उसको जवाब दिया, “अपने काम से काम रखो! मुझसे चिपकने की कोई ज़रुरत नहीं!”

वो उसी पल मेरे कमरे से बाहर भाग गई। कुछ समय बाद मैंने उसके रोने सुबकने की आवाज़ सुनी, लेकिन मैंने उसको मनाने की कोई कोशिश नहीं करी। वो मेरी जिम्मेदारी नहीं है। अगर उसको भी इस संसार में गुजारा करना है, तो बिना किसी मोह के ही करना होगा। संसार बहुत क्रूर है! और भगवान उससे भी बड़ा क्रूर! किसी भी प्रकार का मोह न ही हो तो अच्छा! न कोई बंधन होगा, और न कोई बोझ! आराम से चले जाओ.. किसी को पता भी नहीं चलेगा की कब निकल लिए!

सबसे अच्छी बात यह की प्रिया के ही कॉलेज में अश्विनी का दाखिला हो गया था – वहाँ के प्रिंसिपल मुझे अक्सर उसकी उन्नति के बारे में बताते.. कहते की बहुत मेधावी है! मैंने उनको अपनी स्थिति के बारे में बताया, और उनको कहा की वो उसको उचित मार्गदर्शन देते रहें। क्योंकि मुझसे नहीं हो पायेगा।

अच्छे लोगो न भारी अभाव हो रहा है मेरे जीवन में.. अभी कोई सात महीने पहले श्री हेगड़े जी का देहांत हो गया – दिल का दौरा पड़ने से। उनकी श्रीमति को उनकी संताने अपने साथ ले गईं। लिहाजा, अब पड़ोस भी खाली लगता है। घर आने का मन नहीं होता। इसलिए मैं अक्सर अपने टूर बनाता रहता हूँ.. पिछले एक साल में चार महीने मैं बाहर रहा। वो मकान तो बस प्रिया के कारण घर था, अब तो बस एक बेरंग ढांचा सा लगता है! ऐसे यंत्रवत जीवन होने के कारण कार्यस्थल पर तरक्की बहुत तेजी से हो रही है! अब मैं खुद भी मेरे भूतपूर्व बॉस के स्तर पर हूँ। लेकिन उनका मित्रवत व्यवहार अभी भी बरकरार है।

वो अभी भी मुझसे संपर्क में हैं। दुर्घटना के बाद उन्होंने मुझसे प्रिया के बारे में पूछा। क्या बताता! बस फूट फूट कर रोने लगा। उनको मैंने सारा वाकया सुनाया। उसके बाद से उन्होंने कभी भी प्रिया का नाम भी मेरे सामने नहीं लिया, जिससे मुझे दुःख न हो! शुरू शुरू में मैंने दोस्तों के साथ मुलाकात की, और वो लोग भी मुझसे मिलने आये – जैसे की पारंपरिक सामाजिक प्रणाली होती है..। निकिता भी मिलने आई थी... उसने मुझसे दबे छुपे शब्दों में दोबारा शादी करने को भी कहा। मैंने उससे क्या कहा, मुझे कुछ याद नहीं आता अभी! हाँ,

लेकिन कोई चार महीने पहले मैंने उसकी शादी का कार्ड देखा – कार्ड मिलने के एक महीना पहले उसकी शादी हो गयी थी। अच्छी बात थी.. मुझे अपने जीवन में किसी भी तरह का उलझाव नहीं चाहिए था।

अकेलेपन के साथ साथ, मैं पिछले छह महीनों में न जाने किस गढ्ढे के अन्दर चला जा रहा हूँ.. वहाँ पर सूर्य का प्रकाश संभवतः कभी नहीं गया है। काश! आत्महत्या करना पाप न होता!

मृत्यु :

बहुत भयावह होता है जब आप देखते हैं की एक निश्चित मृत्यु आपकी तरफ आ रही है, और आपके पास उससे बचने का कोई उपाय नहीं है। तीव्र गति पर अचानक ही लगाम लगाये जाने पर टायरों से उठने वाली चीख, ब्रेक्स के जलने पर उठने वाली कसैली गंध.. और इन सब का उस भयावह सच की तरफ इशारा!! मेरे अंतिम क्षण में मेरे दिमाग में बस एक ही बात आई,

‘आ ही गई मौत!’

वैसे, मृत्यु से मुझे कोई डर वर नहीं लगता.. हाँ, उससे मुझे एक तरह की खीझ सी होती है। लेकिन, प्रिया के बाद मैं जी ही कहाँ रहा था – बस जीवित था। अपने आखिरी क्षण में मुझे बस यही ख़याल आया... और चैन भी। टक्कर बेहद भीषण थी। उस झटके से मेरा हृदय रुक गया, और दिमाग में अनगिनत रुधिर वाहिकाएँ फट गई। चेतना जाते हुए आखिरी बात जो मुझे याद है वह यह है की कार की चेसी कुचलती जा रही थी, और कार की फ़र्श पर मेरा लहू! मेरे सर में एक असहनीय दर्द हुआ, और चेतना लुप्त हो गई।

अगला ख़याल जो मुझे याद है वह यह है की मैं मर गया हूँ। सचमुच मृत! ...लेकिन, फिर दिमाग पर जोर लगाया तो समझ आया की अगर मैं मर गया हूँ, तो फिर सोच कैसे सकता हूँ? सोच तो दिमाग से होती है, और दिमाग जीवित शरीर में! मतलब अभी भी जीवित हूँ!

ग्रेट!

“अथर्व... अथर्वववव..!” मैंने आवाज तो सुनी, लेकिन पहचान नहीं पाया।

कैसी आवाज़ है? अच्छी आवाज है, लेकिन जानता नहीं..। मेरे सिर में भयंकर दर्द हो रहा था। सिर में ही क्या, पूरे शरीर में! तो क्या मैं उस अतिभारित ट्रक से हुई दुर्घटना से बच गया?

“अथर्व.. बेबी.. मरना नहीं। प्लीज़..? जागते रहो। तुम मुझे सुन रहे हो? मेरे साथ रहो। चिंता मत करो। मैं हूँ यहाँ तुम्हारे साथ। मुझे सुन रहे हो? मुझसे बात करो.. प्लीज़..?”

अरे भई.. कौन हो आप? कौन है मेरे साथ? मुझे तो कुछ भी समझ नहीं आ रहा था। मेरे सर में जैसे जैसे वो भयंकर दर्द बढ़ रहा था, वैसे वैसे मुझे यह समझ नहीं आ रहा था की ये अथर्व

कौन है, और ये औरत (हाँ.. औरत की ही आवाज़ थी) कौन है! मैंने उठने की कोशिश करी.. एक अजीब सा अनुभव हुआ – जैसे चक्कर, उलटी, और एक और भयंकर दर्द की लहर.. ये सब एक साथ! मैं फिर से अचेत हो गया।

रह रह कर प्रिया की बातें याद आतीं.. एक बार मैंने सैंडविच बनाया। और खाते हुए उसको पूछा, "तुम्हारा बनाया हुआ इतना बढ़िया लगता है! ये कैसे हो सकता है!! एक जैसी चीज़ें ही तो डालते हैं – जो तुमने यूज़ करी, वही मैंने भी.. फिर ऐसा क्यों?"

प्रिया ने मुस्कुराते हुए कहा, "जानू.. मैं सैंडविच में प्यार भी डालती हूँ.."

प्रिया बिलकुल ऐसी ही थी। हर चीज़ में प्यार डालती थी। उसका किया हर काम बेहतर होता था! .. यह प्यार नहीं तो और क्या है...?

यू-ट्यूब पर मैं "आगे भी जाने न तू.. पीछे भी जाने न तू.." वाला गाना सुन रहा था। प्रिया को यह गाना बहुत पसंद था। मैं भी साथ में गाने लगा.. प्रिया की याद हो आई.. गला भर गया। और आँखों से आंसू आ गए। मैं रोने लगा – इस तरह मैं कभी नहीं रोया। कम से कम एक घंटा रोने के बाद सारी ऊर्जा क्षीण हो गयी। कब सोया कुछ भी याद नहीं!

'ब्लिप... ब्लिप... ब्लिप...'

'ये क्या चिढ़ाने वाला शोर हो रहा है! और.. प्रिया कहाँ है? अभी तो यहीं थी...'

मैंने आँख खोलने की कोशिश करी। लेकिन बहुत ही असह्य दर्द हुआ। मृत्यु? अह्ह्ह्हाँ! मतलब मरा तो नहीं हूँ। जैसे जैसे चेतना लौट रही थी, और मैं जाग रहा था, तो मुझे समझ आने लगा की मैं शायद अचेत था।

अचानक ही मेरा संसार निशब्दता से गुंजायमान की तरफ चल दिया। मुझे सुनाई भी दे रहा था, और सुंघाई भी दे रहा था.. लेकिन, दिखाई क्यों नहीं दे रहा है?

मैंने आँख खोलने की कोशिश करी। इस कोशिश में मेरी हर चीज़ दर्द करने लगी – सर, आँख! मेरी कराह निकल गई।

"इनको होश आ गया.." कोई चिल्लाया।

मेरी आँखें उनको खोलने में मेरा साथ ही नहीं दे रही थीं। जैसे तैसे जब वो खुलीं, तो रोशनी की एक तीखी लकीर प्रविष्ट हो गयी। मैंने तुरंत ही आँखें बंद कर लीं.. यह सोच कर, की अभी तो नहीं खोलूँगा। सोचने की कोशिश करने पर दिमाग में सब गड्ड-मड्ड हो गया.. कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। मैंने महसूस किया की आँखें बंद होने के बावजूद मुझे मेरे इर्द गिर्द का सारा संसार धुंधला होता महसूस हो रहा था। और मैं एक बार फिर से सस्ते टंगस्टन के बल्ब के

समान बेहोश हो गया।

जब मैं जागा तो काफी रौशनी हो रही थी। आँख बंद होने के बावजूद मैं रौशनी महसूस कर सकता था। मैंने काफी प्रयत्न करने के बाद अपनी आँखें खोलीं, और अपने बिना सर हिलाए, सिर्फ आँखें घुमा कर जायजा लिया। मुझे समझ आया की मैं एक कमरे में हूँ... संभवतः.. नहीं संभवतः नहीं.. निश्चित तौर पर एक अस्पताल के कमरे में। कमरे में सूर्य की रौशनी से ही उजाला हो रहा था। जीवित होने, और उसके एहसास से मुझे अच्छा लगा! कुछ क्षण के लिए मुझे अपने शरीर की विभिन्न हिस्सों से उठने वाले दर्द पर से ध्यान हट गया।

फिर अचानक ही सब याद आ गया। मेरे शरीर ने झटके खाए होंगे..

“श्शशह्ह्ह”

‘हँ..? कौन?’ मैंने महसूस किया की किसी ने मेरा हाथ थाम रखा है। मैंने उसी तरफ अपना सर घुमाया और कहा,

“हाय!” मेरे इतना कहने मात्र से ही वो बहुत खुश हो गई। कौन है ये? धुंधला सा दिख रहा है.. लेकिन लगता है की जान पहचान की है.. पता नहीं..! थोड़ा अपनी आँखें फोकस करीं तो उस स्त्री का चेहरा दिखा.. स्त्री नहीं.. लड़की। मेरे ज़हन में जो पहली बात आई, वो यह थी की यह लड़की बहुत थकी हुई लग रही थी.. और.. बहुत.. सुन्दर भी! सुन्दर... प्रिया जैसी!

‘प्रिया जैसी?’ ये ख़याल ज़हन में कैसे आया? जो भी हो, ख़याल तो सच था। यह लड़की वाकई सुन्दर थी.. सौम्य सुन्दर! आकर्षक! वो मुस्कुराई,

“ओह! हेल्लो!” मानों मेरी आवाज़ सुन कर उसकी जान में जान आई हो.. “आपको नहीं मालूम आपको ठीक होता देख कर मैं कितनी खुश हूँ! जब मुझे खबर मिली आपके एक्सीडेंट की तो मेरी तो जान ही निकल गयी थी.. सब को तो खो चुकी हूँ.. और आपको भी नहीं खोना चाहती.. भगवान का लाख लाख शुक्र है!”

‘आपको भी? मतलब? मतलब.. ये लड़की मुझे जानती है? लेकिन मुझे क्यों नहीं समझ आ रही है? क्यों नहीं याद आ रही है? मेरा नाम क्या है?’

“मैं... कहाँ हूँ? (इसका उत्तर तो खैर मुझे मालूम है) मेरा.. एक्सीडेंट.. कितना बुरा है? (हाँ.. यह ठीक है..) घर.. कब तक?”

“सब बताऊंगी.. लेकिन पहले डॉक्टर को बुला कर लाती हूँ...” कह कर वो लड़की लगभग भागते हुए कमरे से बाहर चली गयी।

जिस गति से वो लड़की बाहर गई थी, उसी गति से भागते हुए डॉक्टर ने भी कमरे में प्रवेश

किया। आते ही उसने मेरी कलाई थाम ली (नब्ज़ लेने के लिए), और मेरे चार्ट का मुआयना किया।

“आपको कैसा लग रहा है?” उसने पूछा।

‘मुझे कैसा लग रहा है? हा! कैसा लग रहा है!! मेरी पिछली याद मरने की है साहब! मरने की.. सुना? मृत्यु! निर्जीव! शव! यह है मेरी पिछली याद.. और आप पूछ रहे हो की कैसा लग रहा है! मर के वापस लौट आया हूँ.. कितनी शिद्दत से मरने की इच्छा थी.. लेकिन अभी लग रहा है की अच्छा हुआ की वापस लौट आया! लेकिन अभी कुझे डर भी लग रहा था.. एक बार मरना कैंसिल हो जाय, तो जीने की चाह बहुत बढ़ जाती है!’

न जाने कैसे कैसे ख़याल आ रहे थे दिमाग में! मुझे खुद को नियंत्रण में रखना चाहिए.. यह सब कोई सुनना नहीं चाहता! कम से कम इतनी तो कोशिश करनी ही चाहिए की सामान्य प्रश्नों का सामान्य उत्तर तो दिया ही जाय! वैसे लगता तो है की कुछ कुछ याददाश्त चली गयी है.. खैर...!

प्रत्यक्ष में मैंने कहा, “सब दुःख रहा है! सर में दर्द है.. एक्चुअली, पूरे शरीर में ही दर्द है.. लेकिन फिर भी चलने फिरने का मन करता है। लेकिन सब कुछ स्टिफ भी लग रहा है.. ऐसे लग रहा है की सब कुछ टूट जाएगा!”

फिर कुछ रुक कर, “कुछ खाने को है? बहुत भूख लग रही है.. और पानी भी चाहिए.. मैं तो कम से कम एक लीटर पानी पी सकता हूँ अभी!”

मेरी बात पर डॉक्टर हंसने लगा, और वो लड़की (कौन है भई?) राहत की सांस भरती है, “... अब मुझे पक्का यकीन है की आप बिलकुल ठीक हो जायेंगे!” उसकी हंसी में खिलखिलाहट और संतोष का मिला-जुला भाव आ रहा था.. और यह भाव बेहद मनमोहक था।

डॉक्टर ने मुझसे एक दो सवाल पूछे जैसे की मैं किस शहर में हूँ, क्या समय है.. बेहद सामान्य प्रश्न यह जानने के लिए की मेरा दिमाग तो ठीक ठाक चल रहा है.. दिन के सवाल पर मैं उत्तर नहीं दे सका.. उसने पूछा की अंतिम कौन सा दिन याद है.. तो मैंने दुर्घटना वाला दिन बता दिया। उसने संतोषप्रद तरीके से सर हिलाया। फिर काफी देर तक वो मुझे बताता रहा की मैं कितना भाग्यशाली हूँ, और यह कितना अविश्वसनीय है की ऐसी दुर्घटना हो जाने पर, जब मुझे ऐसी भयंकर चोटें आने पर भी मैं बहुत जल्दी रिकवर कर रहा हूँ।

“सच कहता हूँ..” उसने कहा, “आप ऑपरेशन टेबल पर.. यू वोंट बिलीव मी, .. मर गए थे!”

‘क्या सच में! इंटरेस्टिंग!’

उसने कहना जारी रखा, “लेकिन एक मिनट बाद जब आपकी धड़कन वापस चलने लगी तो

वो तो मुझे बिलकुल करिश्मा ही लगा! मैंने और मेरे साथियों ने ऐसा कमाल होते कभी नहीं देखा!"

मैं मुस्कुराया।

"नहीं.. आप मजाक मत समझना इसको! यह वाकई अनयूसुअल है! आपके सर पर सबसे ज्यादा चोटें आईं थीं.. हमने उम्मीद छोड़ दी। फिर जब आपके दिल ने धड़कना बंद कर दिया तो हम समझ गए की आब क्या कर सकते हैं.. लेकिन फिर.. करिश्मा नहीं तो और क्या है! लेकिन आपकी पत्नी ने आपका साथ नहीं छोड़ा.."

'मेरी पत्नी? ... प्रिया! कहाँ हो तुम?'

".. यहाँ नर्सें कह रही हैं की वो आपको वापस ले आईं.. जैसे सावित्री ले आईं थीं सत्यवान को! हो सकता हो की यह सच भी हो!"

'सावित्री? प्रिया!!'

"आप भले मेरी बात को मज़ाक मानिए, लेकिन मैंने यह सब कहना अपना फ़र्ज़ समझा.. आगे इनका खूब ख़याल रखिएगा.. यू शुडन्ट भी अलाइव!"

"डॉक्टर.. एक मिनट.." ये लड़की कह रही थी, "मैं इनकी पत्नी नहीं.. साली हूँ...." उसने धीरे से कहा।

'साली? मेरी साली?' मेरे दिमाग में घूर्णन शुरू हो गया, 'मतलब... अश...वी..नि?'

"ओह! आई ऍम सॉरी! मुझे लगा की आप इनकी बीवी हैं.. ऐसी चिंता, ऐसी सेवा तो आज कल बीवियां भी नहीं करतीं।"

"इट इस ओके!" अश्विनी ने धीरे से कहा।

"अश्विनी?" मैंने कमज़ोर आवाज़ में उसको पुकारा। दिल के सारे ज़ख्म हरे हो गए। मेरी प्यारी बीवी नहीं है.. वो तो कब की मुझे छोड़ कर चल दी है.. आँखों से आंसू ढलक गए।

"जी?" उसने मेरा हाथ पकड़ कर पूछा।

"थैंक यू!"

अश्विनी मेरे हाथ को अपने दोनों हाथों में थाम कर अपने आंसुओं से भिगोने लगी।

२४

अश्विनी की नजर में :

मेरी आँखों के सामने एक एक कर मेरी माँ, मेरे पिता, और फिर मेरी प्यारी बहन – जिसका दर्जा बहन से भी ऊपर था – और उसकी संतान कष्टप्रद मृत्यु को प्राप्त हो गए। बहुत से ज्ञानियों को अक्सर यह कहते सुना है की यदि किसी के साथ कुछ बुरा होता है तो उसके द्वारा किये गए पापों के कारण होता है। मैंने बहुत बार सोचा की इन लोगों ने किसका और क्या बुरा किया था, जो इनको इस प्रकार की मृत्यु मिली! माँ ने अपनी तरफ से पूजा पाठ, धार्मिक और सामाजिक कार्यों में कभी भी किसी भी प्रकार की कोर कसर नहीं रखी। पिता जी ने भी सदा ही अपनी मेहनत और इमानदारी का ही खाया, न कभी किसी के साथ बुरा किया और न कभी किसी का बुरा सोचा। और तो और, जितना उनका बस चला औरों की मदद ही की। और माँ उनके सभी कामों में बराबर की संगिनी बन कर चलीं। तो उनको इस प्रकार मृत्यु? यह किस तरह ठीक है? और दीदी! उसने तो अभी अपने जीवन में देखा ही क्या था? उसकी तो हंसती खेलती ज़िन्दगी तो बस शुरू ही हुई थी। उसके जैसी दयावान लड़की मैंने कभी नहीं देखी.. लोग क्या, वो तो पंछियों और जानवरों के लिए भी अच्छा और भला सोचती थी। और उस अजन्मे बच्चे का क्या, जो अपनी माँ के साथ ही तड़पता चल बसा?

और सोचती हूँ, तो लगता है की दरअसल यह उन तीनों को सजा नहीं, हम दोनों को सजा थी। मेरे पापों के बदले मेरे हृदय में त्रिशूल भोंक दिया गया और अथर्व के हृदय में एक दो-धारी तलवार! हाँ! यही तर्क उचित है.. हमने ज़रूर कुछ ऐसा किया है जिसके कारण भगवान ने हमसे हमारे सबसे प्रिय लोग छीन लिए। और दंड स्वरुप हम दोनों को उनका चिर-वियोग सहन करना लिख दिया। खैर, इस दुर्घटना को चाहे किसी भी दृष्टि से देखा जाय, सच तो यह है की मेरे हृदय में एक बड़ा सा हिस्सा अब खाली हो गया है, और लगता है की जैसे मेरे सीने पर एक भारी सिल रख दिया गया हो। यह भी सच है की उम्र भर, इन तीनों के वियोग की पीड़ा नहीं जाने वाली!

कभी कभी मन में एक ग्रंथि सी बनती लगती है.. सोचती हूँ की हो न हो, अथर्व यह यह बात तो ज़रूर सोचते होंगे की अगर उनकी प्रिया की जगह अगर मैं होती तो? अगर मैं मर जाती, तो आज उनके पास कम से कम उनका परिवार तो होता। मुझे पक्का यकीन है की जब भी वो मुझे देखते होंगे, तो उनको यह विचार तो ज़रूर आता होगा। उस दिन जिस तरह से वो उस मामूली बात से मुझ पर गुस्सा हुए थे, उससे मुझे सौ प्रतिशत यकीन हो गया है की वो मुझसे नफरत करते हैं। लेकिन उनका दिल अच्छा है, इसलिए मुझे बेघर होने, और दर-दर की ठोंकरें खाने से बचाने के लिए अपने घर में पनाह दी। और पनाह ही क्या, मेरी पढाई, लिखाई, खाने, पीने, रहने और हर खर्चे का इंतज़ाम भी किया। बस, कभी मुझसे खुल कर बात नहीं कर सके।

नई जगह, नया कॉलेज.. इन सबके कारण इस झंझावात को सहने की हिम्मत मिली। सहारा – मेरा मतलब, भावनात्मक सहारे से है – तो कोई था नहीं। तो कभी अनवरत अश्रु-धाराओं,

तो कभी प्रिंसिपल महोदय के परामर्श और उत्साहवर्धन, तो कभी बस अथर्व के आभासी सान्निध्य को ही अपना अवलंब (सहारा) बना लिया। पड़ोसी श्रीमति हेगड़े जी ने भी कोशिश करी, लेकिन उनकी बात ही समझ नहीं आती.. और अब तो पड़ोस भी खाली है!

वैसे भी मुझे पड़ोसियों से किसी प्रकार के सहारे, और मदद की कोई उम्मीद नहीं है। शुरू शुरू में सभी ने (ख़ास तौर पर पड़ोस की महिलाओं ने) हमारे दुःख में मगरमच्छी आंसू बहाए, लेकिन तीन चार महीने के बाद ही मुझे ऐसे देखने लगे जैसे किसी तरह से मैं इस दुर्घटना के लिए उत्तरदाई हूँ! जैसे मैंने अथर्व का घर उजाड़ा हो! जैसे, प्रिया के जाने के बाद उनमे से किसी का चांस था, लेकिन मैं उस चांस का सूपड़ा साफ़ कर रही हूँ अथर्व पर डोरे डाल कर! यह सब सोच सोच कर दिल और गला भर आता है.. लेकिन यह सब बातें किससे कहूँ? सहेलियों को कितनी बातें बताई जा सकती हैं? हम दो जने एक छत के नीचे रहते हैं, लेकिन मानो बस दो अजनबी हों!

धीरे धीरे अपने गम का इलाज मैं स्वयं ही होती गई। बात तो सच है, की अगर मन में दृढ़ता न बढ़े, तो जीवन मुश्किल हो जाए.. इसलिए मैंने इस अनुभव को जीवन की लम्बी पाठशाला का एक और पाठ समझ कर खुद में समाविष्ट कर लिया। समय के साथ धीरे धीरे मेरा दुःख कम होता गया, और मैं भविष्य के लिए आशान्वित होने लगी। उधर अथर्व अभी तक अपनी इस हानि से उबर नहीं सके हैं.. मैंने अक्सर उनको रात में रोते हुए सुना है। लेकिन उनके कमरे में जाने की मेरी हिम्मत नहीं होती..! कैसे इस शानदार, आकर्षक पुरुष कान्तिविहीन हो जाता है, उसका उदाहरण था अथर्व का क्षय! उनका चेहरा दुःख से खुरदुरा हो गया था; बाल पकने लग गए थे; नींद, आराम और मनःशांति की कमी के कारण वो महज एक वर्ष में ही बूढ़े से लगने लग गए थे। वैसे भी अथर्व ने अपने गम से निपटने का रास्ता ढूंढ लिया है। वो काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते हैं। हर व्यक्ति का अपने अपने दुखों से निपटने का अपना अपना तरीका है.. और मुझे नहीं लगता की वो अपनी से बहुत कम उम्र की लड़की से इस विषय में कोई चर्चा करना चाहते हैं। तो अगर, वो ठीक हैं, तो मैं कुछ भी नहीं कहूँगी। मेरे लिए बस इतना ही काफी है!

इसी बीच मुझे एक तरह का आत्म उद्भेद हुआ।

पिछले कुछ महीनों के तनाव, अवसाद और व्यस्त ता के कारण शरीर में बहुत थकावट सी हो गयी थी। उस दिन जब मैं कॉलेज से बाहर निकली तो आसमान में काले घने बादल छाए हुए थे। काफी अँधेरा हो गया था। अथर्व बैंगलोर से बाहर गए हुए थे, और मैं घर में बिलकुल अकेली थी। बारिश का अंदेशा तो था ही.. मंद मंद ठंडी हवा बह रही थी। सप्ताहांत होने के कारण वैसे भी कुछ राहत सी लग रही थी। बिल्डिंग पहुँच कर मैं लिफ्ट के बजाय सीढ़ी चढ़ कर घर पहुंची। अथर्व तो आज आने ही वाले नहीं हैं... दो दिन खुद से! हम्म्म... दीदी होती तो हम दोनों शौपिंग करने जाते। यह सोच कर कुछ दुःख तो हुआ, लेकिन मैंने जल्दी ही उस पर काबू कर लिया।

घर पर अकेले मन नहीं हुआ, इसलिए सोचा की अपनी किसी सहेली को बुला लेती हूँ अगले

दो दिनों के लिए! कम से कम यह घर मुझे काट खाने को नहीं दौड़ेगा! मैंने इसलिए अथर्व को फ़ोन लगाया, जिससे उनकी अनुमति मिल सके। उन्होंने संछिप्त सा उत्तर दिया की मेरा जैसा मन हो, मैं वैसा कर सकती हूँ.. यह घर मेरा भी है, और मुझे किसी काम के लिए उनकी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा की तीन दिन बाद आयेंगे। अच्छी बात है... मैंने अगला फ़ोन अपनी सबसे करीबी सहेली आरतीश्री (आरती) को लगाया, और घर आने को कहा। वो वैसे तो चार पांच बार यहाँ आ चुकी थी, लेकिन रहने के लिए कभी नहीं।

आरती अपने परिवार के साथ बैंगलोर में रहती थी। वो लोग कन्नडिगा ब्राह्मण थे, और हमारे घर से कोई पन्द्रह किलोमीटर दूर रहते थे। मैंने उसकी माँ से भी बात करी, तो उन्होंने मुझे ही घर रहने को बुला लिया। लेकिन फिर मेरे ही अनुनय विनय से उन्होंने उसको अनुमति दे दी। उनके परिवार वाले मुझे पसंद करते थे, और अथर्व से भी मिले थे.. इसलिए परेशानी वाली बात नहीं थी। आरती ने मुझसे कहा की वो करीब एक-डेढ़ घंटे में आ जाएगी। अच्छा है.. इतनी देर में मैं नहा लेती हूँ!

मैं घर पर छोटे गुसलखाने का प्रयोग करती हूँ.. लेकिन उस दिन मेरा मन था की मैं मास्टर बाथरूम में नहाऊँ। वहाँ पर एक बाथटब था, जिसको दुर्घटना के बाद कभी भी प्रयोग में नहीं लाया गया था (घर की कामवाली ने बताया.. पहले काफी गन्दा हो जाता था, लेकिन आज कल साफ़ ही रहता है, और महीने में बस एक-आध बार सफाई से ही काम चल जाता है)। आज मेरा उसी में घुस कर नहाने का मन था। मैंने उसमें पानी भरने के लिए नल खोल दिया, और अपनी पसंद का खुशबूदार साबुन डाल दिया। और अपने कमरे में निर्वस्त्र होने चली गयी।

आज मैं वो करने वाली थी जो मैंने कभी नहीं किया था। ऐसा नहीं है की अथर्व मुझ पर मास्टर बाथरूम प्रयोग करने से नाराज़ होते.. बस, मैंने ही कभी उधर नहाने का नहीं सोचा। दरअसल, मैं घर में उस तरफ जाती ही नहीं – मेरे हिसाब से आप सोचें, तो वो एक तरह का पुण्यस्थान था, जहाँ मेरी दीदी की यादें बसी हुई थीं.. और अथर्व की प्यारी पत्नी की! मैं वहाँ जा कर किसी तरह की सेंधमारी नहीं करना चाहती थी। लेकिन, आज यूँ अकेलेपन के कारण मन हुआ की क्यूँ न वहाँ नहाया जाए.. और यही सोच सोच कर मुझे रोमांच हो रहा था। मैं कुछ गुनगुना रही थी.. मैंने अपनी ब्रा उतारी.. आह्ह! स्तनों के उस बंधन से मुक्त होते ही आनंद आ गया। मैंने अपने शरीर का निरिक्षण किया – ब्रा की कसाव के कारण मेरे स्तनों पर लाल निशान पड़ गए थे। उन निशानों, उन रेखाओं को हाथ से मसलने पर काफी आराम मिला। कितना मज़ा आएगा, अगर मैं दो दिन बिना कपड़ों के रहूँ? इस ख़याल से मेरा रोमांच और बढ़ गया!!

मेरे बचपन में घर पर सहवास के बारे में किसी तरह की बातें ही नहीं होती थीं। बड़े बुजुर्गों में सहवास को लेकर इतनी संकुचता थी की इसको सिर्फ संतानोत्पत्ति हेतु एक आवश्यक कार्य ही समझा जाता रहा। मुझे जो भी कुछ मालूम हुआ, वो दीदी और अथर्व के कारण! उनको सहवास का आनंद उठाते देख कर समझ आया की सहवास "मजे" के लिए भी किया जाता है, और प्रेम प्रदर्शन के लिए भी.. और अगर कायदे से किया जाय तो सिर्फ शारीरिक ही नहीं, मानसिक और आत्मिक सतह पर जुड़ने के लिए भी। यही सब सोचते हुए मैं मास्टर बाथरूम में

लगे लगभग आदमकद दर्पण के सामने आ कर निर्वस्त्र खड़ी हो गई। और जीवन में पहली बार खुद को पूर्ण-नग्न देखा। बीस की उम्र! और वैसा ही तरुण ताज़ा शरीर! मैंने अपने स्तनों को धीरे से दबाया – एकदम पुष्ट! कहना तो नहीं चाहिए, लेकिन दीदी के स्तनों से भी निखरे और बड़े! अपने सुन्दर नग्न शरीर को आईने में देख कर मैं वाकई खुद ही उत्तेजित सी हो गई।

दीदी की याद आते ही उनके स्तनों का चूषण करना याद आ गया, और साथ ही यह विचार भी की किसी दिन मेरे स्तनों को भी कोई चूसेगा, और उनमें दूध आएगा! प्रकृति की कैसी अद्भुद रचना! सच ही कहते हैं की नारी शरीर एक तिलिस्म होता है। मैंने स्तनों को कुछ देर दबाया, फिर स्तनाग्रों को हल्का सा मसला! प्रतिक्रिया स्वरुप वो तुरंत ही खड़े हो गए। मैं मुस्कुराई। मेरा ध्यान अब अपने सपाट पेट से होते हुए योनि पर चला गया। वहाँ उँगलियों से टटोलने पर गीलापन महसूस हुआ! ह्म्म्म.. योनि वो पहले ही परिपक्व हो चली थी – उत्तेजना के कारण उसके दोनों पटल फूले हुए थे (कहीं पढ़ा था की लड़के इनकी तुलना पाव-रोटी से करते हैं)। आज से पहले भी मन बहुत बार हो चुका है की अपनी योनि में उंगली डाल कर खुद को संतुष्ट कर लिया जाय, लेकिन बालपन में सिखाई गई वर्जनाएँ ऐसे ही नहीं चली जातीं।

टब में समुचित पानी भर गया था। मैं जा कर उस सुगन्धित झाग-वाले पानी में लेट गई, और इस नए अनुभव का आनंद लेने लगी। यहाँ पर भी दीदी और अथर्व साथ में नहाते रहे होंगे.. मेरे दिमाग में उन दोनों की काम-रत तस्वीर खिंच गई। मेरा हाथ पुनः मेरी योनि पर जा पंहुचा। ऐसा कुछ करने का मैंने कभी सोचा ही नहीं.. लेकिन आज सब कुछ नया है! अपनी आँखें बंद कर मैंने अनायास ही अपने भगनासे को सहलाना प्रारंभ कर दिया। पानी के अन्दर ऐसा करना एकदम अनोखा अनुभव साबित हो रहा था... अनोखा, और कामुक और आनंददायक! कामाग्नि से मेरा शरीर दहकने लग गया - ठीक वैसे ही जैसे की १०२ डिग्री बुखार आने पर तपने लगता है।

‘यह कैसी तपन!’

कॉलेज में मेरी सहेलियाँ अक्सर हस्तमैथुन की बातें करतीं। ऐसा नहीं है की मुझे काम/यौन सम्बन्धी ज्ञान नहीं था – भरपूर था। अथर्व और दीदी की काम-क्रीड़ा मैंने देखी थी और मुझे अच्छी तरह से मालूम था की लड़की और लड़के के अंगों का प्रयोग किस प्रकार और किस हेतु होता है। कॉलेज में मेरे सिर्फ लड़कियाँ ही नहीं, बल्कि लड़के भी मित्र थे और उनमें से कई मुझसे प्रणय सम्बन्ध बनाना भी चाहते थे.. लेकिन मेरी दृष्टि में वो सारे सिर्फ अनाड़ी ही नहीं, मूढ़ भी थे। लेकिन अथर्व... हाँ, उनकी बात कुछ और ही थी। धीर और शांत स्वभाव के अथर्व, और उसमें निहित तीव्रता! उनका प्रभावशाली व्यक्तित्व और उनकी गहन आँखें.. जैसे सामने वाले की आत्मा को ही देख रही हों! और हाँ! वो कसरती देह.. जैसे व्याघ्र! कुछ बात तो थी इस आदमी में!

शारीरिक प्रौढ़ता मैंने दीदी की शादी के आस-पास ही प्राप्त कर ली थी। लेकिन उसके साथ साथ मुझे हार्मोनों का प्रभाव भी झेलना पड़ा। सपने आते। और सपनों में लड़के आते.. उनका कोई चेहरा नहीं होता था। बिना चेहरे वाले नर! उन सपनों में वो मुझे छूते, छेड़ते.. और मेरे

साथ अजीब अजीब सी हरकतें करते। आँखें खुली होने पर भी सपने आते - मैं खुद को जवान होते देखने की चाह में अक्सर आईने में अपने आप को निहारती रहती, अपने नवांकुर वक्षों को देखकर बड़ा अच्छा लगता। माँ देखती, तो डांटती, और किसी अन्य कार्य में लगा देती। खैर, मुझे सबसे अधिक रोमांचित मेरे योनि क्षेत्र में उग आये रोयेंदार बालों ने किया था। रात के अँधेरे में अक्सर उन्हें छूने का आनन्द लेती, और उनके साथ साथ योनि भी सहलाने में आनन्द का अहसास होता। लेकिन डर लगता की कहीं चोट न लग जाय (घर में ऐसे ही तो सिखाते हैं)। नहाते समय जब अपने स्तनों को सहलाती तो ऐसा महसूस होता की छूने पर वो आकार में बढ़ते जा रहे हैं।

बचपन में मैंने देखा था की एक घोड़ा, घोड़ों के झुण्ड में से एक के पीछे पीछे दौड़ रहा था.. दौड़ रहा था, या उसको दौड़ा रहा था। स्पष्टतः वह एक नर था – क्योंकि दौड़ते हुए उसके लिंग का आकार विकराल से विकरालतर होता जा रहा था। भयावह दृश्य था। आगे वाला घोड़ा (दरअसल घोड़ी) अचानक रुक गया, और नर उसके पीछे से उस पर सवार हो गया। उस समय मुझे इस विषय में कोई समझ नहीं थी, लेकिन फिर भी ऐसा लगा की यह दृश्य नहीं देखना चाहिए। मैंने चुपके से अपने चारों तरफ देखा की कोई है तो नहीं! उस नर का विकराल लिंग, मादा के भीतर पूरी गहराई तक घुसा हुआ था, और वह शायद चार पांच धक्के लगाने के साथ ही कांपने लगा, और नथुने की राह से घुरघुराते हुए मादा पर से उतर गया। उसके लम्बे लिंग के आगे से, और मादा के पीछे से सफ़ेद रंग का गाढ़ा द्रव ज़मीन पर गिरने लगा।

और फिर वो वाला दिन.. बुग्याल पर! मुझे अच्छे से दीदी की कराह और सिसकियाँ आज भी याद हैं। याद है की कैसे अथर्व उसकी जाँघों को फैलाए उसकी योनि को चूम, चाट और सहला रहे थे। दीदी भी उनका लिंग अपने मुंह में ले कर कैसे देर तक बदला चुका रही थी। और फिर अथर्व ने भी उसी घोड़े के समान दीदी की चढ़ाई करनी शुरू कर दी थी! कितनी समान, लेकिन कितनी अलग थी दोनों की सहवास क्रिया! वो घोड़ा तो लगभग तुरंत ही ढेर हो गया था, लेकिन अथर्व तो मानो रुकने का नाम ही नहीं जानते! ओह! दीदी वाकई तृप्त रहती होगी।

'हे भगवान्!' उन्ही यादों से मंत्रमुग्ध होकर मेरे बिना सोचे हुए ही योनि को छेड़ने की मेरी गति बढ़ती जा रही थी। हाथ की उंगलियाँ अनियंत्रित होती जा रही थीं, और मेरे गले से दबी घुटी सिस्कारियां निकल रही थी। यह कहने की आवश्यकता नहीं की मेरा पूरा शरीर उत्तेजना के मारे कांपने लग गया था।

हाँ... कॉलेज में मेरी सहेलियाँ अक्सर हस्तमैथुन की बातें करतीं। यह बातें भी होती की यह क्रिया कितनी लाभदायक है! आनंद तो आता ही है, साथ ही साथ अनवरत यौनेच्छा, जो हम युवाओं में होती रहती है, उससे निजात भी मिल जाती है – बिना किसी पुरुष की आवश्यकता के! मतलब बिलकुल सुरक्षित, और संतोषजनक! शीघ्र ही मेरा कामोन्माद समाप्त हो गया। अनुभव में वह कुछ कुछ वैसा था जब दीदी और अथर्व ने मेरे स्तनों से खिलवाड़ किया था.. लेकिन इसकी तीव्रता कहीं अधिक थी।

"ऐसा आनंद तो पहले कभी नहीं आया", मैंने सोचा और संतोषप्रद गहरी सांस भरी।

अब नहा भी लिया जाय!

आरती मेरी एक बहुत ही करीबी, और प्यारी सहेली है। जाहिर सी बात है की उसकी उम्र भी मेरे ही बराबर थी। वैसे उम्र ही क्या, हम दोनों का डील डौल भी लगभग एक जैसा ही था। लेकिन जहाँ मैं एक पहाड़ी लड़की हूँ, आरती एक दक्षिण भारतीय सुंदरी है। एक बात तो है – दक्षिण भारत की लड़कियों की गढ़न बहुत अच्छी होती है। आरती भी ऐसी ही है... सांवली सलोनी.. सामान्य कद की। लेकिन उसके स्तन ३२ बी साइज़ के हैं, और उस पर खूब फबते हैं। बड़ी बड़ी आँखें और उन्नत नितम्ब! सचमुच, बहुत ही प्यारी लड़की है वो। वो कॉलेज में सबसे पहले मेरी दोस्त बनी, और धीरे धीरे हम दोनों इतने करीब आ गए हैं की हमारी कोई भी बात एक दूसरे से नहीं छुपी है।

एक और बात है, बैंगलोर जैसे शहर में रहने के बावजूद उसका परिवार कुछ रूढ़िवादी किस्म का है। रस्मों, और कर्म-कांडों को निभाने की जैसे सनक सी हैं उनमें! उनके परिवार की सोच यह भी रही है की लड़कियों का ब्याह जल्दी कर देना चाहिए.. लिहाजा, दो साल पहले ही आरती का रिश्ता एक सॉफ्टवेर इंजिनियर के साथ तय कर दिया गया है। इसने तो शुरू शुरू में बहुत नखरे किए, बहुत सी मिन्नतें करीं, लेकिन कुछ हो नहीं सका। माता-पिता के सामने बेबस थी। बस, इतनी ही गनीमत थी की उसको कम से कम स्नातक की पढ़ाई पूरी कर लेने तक की मोहलत दी गई थी। शायद उसकी कुंडली में कुछ गोत्र, मांगलिक वाला चक्कर था, और इस कारण से बस कुछ ही रिश्ते मिल रहे थे। उसके माता-पिता ने सबसे कमाऊ वाले रिश्ते को पकड़ लिया। मजे की बात यह, की उसकी यह बात पूरे कॉलेज में सिर्फ मुझे ही मालूम थी। वैसे उसका मंगेतर अरुण कोई बुरा नहीं था। देखने बोलने में अच्छा था। उन दोनों को अपने अपने परिवार की तरफ से दिन में मिलने की इजाज़त मिली हुई थी। आज भी कॉलेज के बाद वो दोनों किसी कॉफ़ी शॉप पर ही मिल रहे थे।

खैर, नहाने के बाद मैंने हल्का फुल्का कपड़ा पहना (मतलब, सिर्फ पजामा और टी-शर्ट, और अन्दर कुछ भी नहीं) और टीवी देखते हुए आरती के आने का इंतज़ार करने लगी। कुछ ही देर में वो आ गई – उसके हाथ में एक बैग था, जिसमें दो दिनों के लिए ज़रूरी सामान और कपड़े थे। उसके आने के बाद हम दोनों साथ में चाय बनाने लगे, और साथ ही साथ मज़े से बातें भी करने लगे। मैंने उसको पूछा की आज दोनों ने मिल कर क्या किया! उत्तर में वो बस शरमा रही थी। दोनों को अनोखे में ही मिलने का अवसर मिलता था, इसलिए कुछ तो किया होगा न! मेरे खूब जिद करने से उसने बताया की आज अरुण में न जाने कहाँ से इतनी हिम्मत आ गई, की उसने इसे चूम लिया। यह बताते बताते ही उसके सांवले गालों पर लाली आ गयी। मैंने उसे छेड़ते हुए कहा, की बदमाश, इतनी ज़रूरी बात इतनी देर में बता रही है! तो वो शरमा कर हंस दी। (हमारी बात चीत अंग्रेजी, हिंदी और कन्नड़ – इन मिली जुली भाषाओँ में हुई.. लेकिन यहाँ सुविधा के लिए सिर्फ हिंदी में ही बता रही हूँ)..

मैं : “हाय! हमारी किस्मत कहाँ, की कोई हमको चूमे!”

आरती : “अरे है न! तुम्हारे जीजू?”

मैं : “ऐसे मत छेड़ यार! मैं तो उनको दिखती ही नहीं.. उनकी नज़र मुझ पर पड़े, ऐसी किस्मत ही नहीं!”

आरती : “तू किस्मत की बात करती है? तू तो आइटम है.. आइटम! और आइटम ही क्या, पूरी पटाखा है! एक बार इशारा कर दे, बस, आशिकों की लाइन लग जायेगी तेरे सामने!”

मैं : “अच्छा जी! तू जैसे कोई कम है..?”

आरती (गहरी सांस भरते हुए): “मेरा क्या! मेरा डब्बा तो पैक हो गया है!”

मैं : “हा हा हा! वाह भई... यह डब्बा खुलने को इतना बेकरार है क्या? कुछ दिन रुक जा.. फुर्सत से खुलेगी! हा हा हा! अबे बता न.. क्या किया था तुम दोनो ने।“

आरती : “अरे बताया तो! सिर्फ़ किस किया था उसने...”

मैं : “हाँ जी! तुमने कहा, और मैंने मान लिया! आप लोग इतने शरीफ हो!”

आरती : “कुछ बातें परदे के अन्दर रखनी चाहिए!”

मैं (चाय पीते हुए): “मुझसे भी?”

आरती : “हाँ.. तुझसे भी..!”

मैं : “ह्म्म्म... ये सुनो! मैं तो तुमको कुछ बताने वाली थी.. लेकिन.. अब...”

आरती : “हैं? क्या बताने वाली थी?”

मैं (उसको छेड़ते हुए): “रहने दे.. कुछ बातें परदे के अन्दर ही रहनी चाहिए!”

आरती : “अश्विनी.. ऐसे मत छेड़! ठीक है बाबा.. मैं बताऊंगी.. लेकिन पहले तू बता! ओके?”

मैं : “लेकिन पहले तो मैंने पूछा!”

आरती : “तू बहस बहुत करती है.. अब नखरे मत कर, और बता भी दे..”

मैं : “अच्छा.. ठीक है! तो सुन.. मैंने आज अपनी.. इसको (अपनी योनि की तरफ इशारा

करते हुए) देर तक सहलाया.. पहली बार...”

आरती : “धत्त तेरे की! खोदा पहाड़, निकली चुहिया! यह बोल न की तूने आज पहली बार मास्चरबेट किया!”

मैं : “हाँ.. वही..”

आरती : “मेरी बुद्धूराम! तूने यह आज किया? अपनी जिंदगी के कितने बरस तूने यूँ ही वेस्ट कर दिए!”

मैं : “मतलब? तूने क्या बहुत पहले ही...?”

आरती : “हाँ जी.. पांच साल पहले..!”

मैं : “पांच साल पहले? बाप रे!”

आरती : “हाँ! और नहीं तो क्या? हम लड़कियाँ तो जल्दी ही जवान हो जाती हैं! लेकिन तू बिना यह सब किए इतना दिन कैसे रही?”

मैं : “पता नहीं..”

आरती : “अपने जीजू को एक इशारा तो देती.. फिर देखती, तू कैसे बचती?”

मैं : “आरती प्लीज! इस बात से मुझे मत छेड़! ठीक है की वो मुझे पसंद हैं.. लेकिन इसका यह मतलब नहीं की वो भी मुझे पसंद करें!” फिर कुछ देर की चुप्पी के बाद, “अरे! मेरी छोड़.. तू बता! क्या क्या किया तुम दोनों ने?”

आरती : “ठीक है बाबा.. सुन! आज मिस्टर मूड में थे! पहले भी उसने मुझे दो तीन बार चूमा था.. लेकिन आज वाला! उसने मेरे दोनों गालों को पकड़ कर चूमा.. नॉट किस.. स्मूच! मेरी जान ही निकल गई जब मैंने उसकी जीभ अपने मुँह में महसूस करी! फिर उसने मेरे बूब्स भी छुए! इतना मना करने पर भी देर तक दबाता मसलता रहा! बड़ी मुश्किल से उससे पीछा छुड़ाया। शॉप में ज्यादातर लोग हमें ही देख रहे थे। मैं तो शर्म के मारे बाहर भाग आई।“

मैं : “बाप रे! तुझे कैसा लगा यार?”

आरती : “कैसा लगा? अरे, मेरी हालत खराब हो गयी! मेरी योनि में चींटियाँ काटने लग गईं। कोई और जगह होती तो आज मेरा केक भी कट जाता!”

मैं : “क्या वैसा लगता है जैसे मास्चरबेट करते समय लगता है?

आरती : “अरे! वो तो कुछ भी नहीं है.. उससे भी पावरफुल! मास्टरबेशन का क्या है? उसमें तो बस अपना ही हाथ है.. लेकिन जब दूसरे का हाथ लगता है न.. पूरा शरीर झनझना जाता है।”

मैं : “बाप रे!”

आरती : “तू जानना चाहती है की कैसा लगता है?”

मैं : “न बाबा! वैसे भी मेरा कोई बॉयफ्रेंड थोड़े ही है!”

आरती : “बॉयफ्रेंड नहीं तो क्या, गर्लफ्रेंड तो है! मैं ही सिखा देती हूँ...”

मैं उसकी बात सुन कर चुप हो गयी।

आरती : “ए अश्विनी.. तू बुरा तो नहीं मान गयी?”

मैं : “नहीं यार!”

आरती : “तो बोल.. तुझे प्यार करूँ?”

मैं हंस पड़ी।

आरती : “तेरे होने वाले बॉयफ्रेंड से बढ़िया करूंगी!”

मैं : “ऐसी बात है? तो आ जा..”

आरती वाकई सीरियस थी। मुझे शुरू शुरू में लगा की वो शायद मजाक कर रही थी। लेकिन जब उसने मेरे पास आकर मेरे होंठों पर अपने होंठ सटाए तो मुझे वाकई एक करंट सा लगा। कुछ देर ऊपर से ही छोटे छोटे चुम्बन लेने के बाद वो उन्हे चूसने लगी। मैंने भी अपनी तरफ से जैसा हो सका, सहयोग किया। कुछ देर चूमने के बाद आरती का मेरे स्तनों पर आ गया और वो उनको टी-शर्ट के ऊपर से ही सहलाने लगी। मैं रोमांचित हो उठी.. दिमाग में पुरानी यादें ताज़ा हो गईं। सच में, मेरे शरीर में एक अनोखी सी आग आग सुलग गई। आरती मुझे अपनी बाहों में लिए रह रह कर मेरे गाल, होंठ, आंखें, नाक, गर्दन और स्तनों पर चुम्बन देने लगी। एक बारगी कामुक उन्माद में मेरा मुँह खुल गया, तो उसने मौका पाते ही अपने होंठों से वहाँ हमला कर दिया, और अपनी जीभ मेरे मुंह के अन्दर डाल कर मेरी जीभ से खिलवाड़ करने

लगी! मैं उचक कर अलग हो गई।

मैं : “ओए! छी! कैसा कैसा तो लगा! गीला गीला!”

आरती : “तुझे अच्छा नहीं लगा?”

मैं : “न रे! कैसा अजीब सा लग रहा था। अब बस कर..।“

आरती : “बस कैसे करूँ मेरी जान? अब तो मुझसे भी रहा नहीं जा रहा है..”

मैं : “हम्म.. तो क्या किया जाय?”

आरती : “तेरा तो नहीं मालूम.. लेकिन मेरा तो अब इन कपड़ों के अन्दर रहना मुश्किल है..”

मैं (हँसते हुए) : “तो बाहर आ जा.. मेरे अलावा कौन है यहाँ तुझे देखने वाला?”

आरती : “अरे ऐसे नहीं! तू उतार! मैं तेरा उतार दूँगी!”

कहते हुए वो फिर से मुझसे लिपट कर मेरे होंठ चूसने लगी और टी-शर्ट के निचले हिस्से को पकड़ कर मेरे शरीर से हटाने लगी। मैं भी उसके कुर्ते के बटन खोल कर उसके कुरते को उतारने लगी। जैसा की मैंने पहले भी बताया है, मैंने टी-शर्ट के नीचे कुछ भी नहीं पहना हुआ था, लिहाजा, उसके उतरते ही मैं अर्धनग्न आरती के सामने सम्मुख हो गयी। आरती का कुर्ता भी उतरा – लेकिन उसने अभी भी ब्रा पहनी हुई थी।

आरती : “अरे भगवान्! अश्विनी.. तेरी स्तन क्या मस्त हैं! कितनी प्यारी प्यारी! देख न! कैसे लाइट मार रही हैं!”

मैं : “हट्ट बेशरम! कैसे बोल रही है!”

आरती : “अरे मैं सच कह रही हूँ..” कहते हुए उसने मेरे हाथ अपने स्तनों पर जमाए, और खुद मेरे दोनों स्तनों को दबाने लगी। मेरी तो जान ही निकल गयी।

मैं : “आऊऊ.. आह्ह नहीं.. धीरे अआह्ह्ह.. धीरे!”

आरती (अनसुना करते हुए) : “अश्विनी, तू भी उतार इसको और खेलो..”

मैंने जैसे तैसे उसके प्रहार झेलते हुए उसकी ब्रा उतारी। तुरंत ही उसके उन्नत वक्ष मेरे सामने उपस्थित थे। मैं सचमुच में उसके स्तन देखती रह गई। कितने प्यारे स्तन! बिलकुल खिलौनों

के समान! बड़े-बड़े, शरीर के बाकी हिस्सों जैसा ही साँवला सलोना रंग, उत्तेजना से ओत-प्रोत लम्बे तने हुए गहरे सांवले चूचक, और उसी से मिलता जुलता गोल घेरा। मुझसे रहा नहीं गया.. और मैंने भी अपने हाथ उन पर जमा दिए।

मैं : “हाय रे मेरी आरती रानी! तेरे संतरे कितने मस्त हैं! ठोस.. मुलायम.. और रसीले... दोनों के दोनों! मैं खा लूँ?”

आरती : “नेकी और पूछ पूछ?”

मैंने उसकी इस बात पर उसको सोफे पर ही लिटा दिया, और खुद भी उसके बराबर लेट गई। एक तरीके का आलिंगन – करवट में मेरा दाहिना स्तन उसके बाएं स्तन से टकरा रहा था। मैंने उसकी पीठ और नितम्ब सहलाते हुए उसके एक स्तनाग्र पर अपनी जीभ फिराई। दीदी की याद पुनः हो आई। मैंने पूरा स्तनाग्र अपने मुंह में भरा, और चूसना शुरू किया। मज़ा आ गया। आरती की सिसकी छूट गयी। लेकिन फिर भी उसने मेरे सर को पकड़ कर अपने स्तन में भींच सा लिया।

आरती : “आह्ह्ह्ह! इस्स्स्स... नील्लू.. आह्ह्ह! धीरे... ऊफ़.. मज़ा आ गया! आह्ह! बहुत अच्छा लग रहा है। कस कर चूसो न... उफ्फ्फ़! आआऊऊ ... काटो मत प्लीज। आराम से मेरी जान। अआह्ह्ह.. अरुण सुनेगा, तो जल मरेगा! ऊऊह्ह्ह.. मजे से चूसो! ओह्ह्ह!”

मैंने कोई चार-पांच मिनट तक उसके दोनों स्तनों को बारी बारी से चूसा। एक पल मुझे लगा की आरती का शरीर थरथरा रहा है.. मुझे समझ में आ गया की उसने अपना कामोत्कर्ष प्राप्त कर लिया है, इसलिए जब तक वो शांत न हो जाए, तब तक मैं चूसती रही। निवृत्त होने के बाद आरती भी अब मेरे स्तन दबाने और चूसने लगी।

मैं : “आरती, तेरा मन नहीं हुआ की और कुछ भी किया जाय..?”

आरती : “मन क्यों नहीं हुआ! मैंने बताया न.. बड़ी मुश्किल से भागी वहाँ से.. कोई और जगह होती, तो आज तो अरुण ने मेरा काम तमाम कर दिया होता! खैर, मेरी छोड़.. तू बता, तेरा दिल भी तो तेरे जीजू से लगा हुआ है.. तेरा दिल नहीं चाहता?”

मैं : “दिल तो बहुत चाहता है! मैंने उनका और दीदी का खेल देखा है.. और मुझे मालूम है सब कुछ। लेकिन डर लगता है।“

आरती : “डर? किस बात का?”

मैं : “इस बात का की कहीं मैं उनको चोट न पहुंचा दूं! वो अभी तक दीदी के जाने का गम नहीं मिटा पाए हैं.. कहीं उनको ऐसा न लगे की मैं दीदी की याद मिटाना चाहती हूँ.. उनकी जगह लेना चाहती हूँ..”

आरती : “लेकिन ऐसा तो नहीं है न! तू तो उनसे प्यार करती है!”

मैं : “हाँ! प्यार तो मैं बहुत करती हूँ.. जब से उनको देखा है तब से! बस, प्यार के रूप बदलते गए!”

आरती : “तुम्हारी जैसी लड़की भी तो बड़े नसीब से मिलती है। ये एहसास करा दो अपने जीजू को! प्यार करती हो, तो बता भी दो! क्या बिगड़ेगा भला!”

फिर कुछ देर बाद अचानक ही बोलती है, “एक काम कर.. एक रात को चांस ले। तू पूरी नंगी हो कर उनके रूम में चली जा.. खुद बा खुद लाइन पर आ जायेंगे वो.. जब खुद विश्वामित्र मेनका के सामने मेमना बन गए, तो वो क्या चीज़ हैं?”

मैं : “बस कर.. अपने आइडियाज अपने पास ही रख.. अब तेरा हो गया हो तो छोड़ मेरे दुद्धू..”

आरती : “छोड़ने का मन ही नहीं करता। अश्विनी मेरी जान.. सच सच बताना, कहाँ छुपा रखी थी यह प्यारी प्यारी स्तन?”

उसकी इतनी बेशर्मी भरी बात सुन कर मैं पुनः शरमा गयी।

वो फिर मेरे स्तन जोर जोर से चूसने लगी और उसके कारण उठने वाले आनंद के उन्माद में मैं पागल होने लगी। इसी बीच उसने मेरा पजामा भी नीचे सरकाना शुरू कर दिया। मैं चौंक गई, “अआह्ह्ह.. ओए.. ये क्या कर रही है?”

“अश्विनी.. तेरे यार से पहले मैं देख लूंगी, तो क्या हो जाएगा?”

अब वो पूरी तरह निर्लज्ज हो कर मुझे निर्वस्त्र करने पर उतारू हो गई थी। हलके फुल्के कपड़े उतारने में कितनी ही देर लगती है.. कुछ ही क्षणों में मैं पूर्ण नग्न उसके सामने थी। शर्म के कारण मैंने अपनी दोनों टांगें और पैर एकदम सटा लिए, जिससे आरती मेरी योनि ठीक से न देख सके। कैसी मूर्खता.. निर्वस्त्र हो जाने पर भी क्या छुपना है भला! आरती न जाने कहाँ कहाँ से सीख कर आई है (और कहाँ से सीखी होगी?) लेकिन वो अपनी उँगलियों से मेरी योनि पर मालिश जैसी करने लगी, और साथ ही मेरे स्तन भी पी रही थी। ऐसे में भला कितनी देर रहा जाए? मैं वैसे ही उत्तेजित थी, अब अतिउत्तेजित हो गयी और बिना सोचे मैंने अपने दोनों पैर खोल दिए। आरती अब मेरी योनि एकदम साफ़ साफ़ देख सकती थी।

आरती मेरी योनि की दरार पर अपनी उंगली फिराते हुए बोली, “सच अश्विनी.. जिसे तू ये खज़ाना देगी न, वो धन्य हो जाएगा! कैसी पतली पतली फांकें हैं.. और गोरी भी! बस... ये बाल साफ़ करवा ले.. एकदम मस्त लगेगी!”

वो हल्के हलके हाथों से मेरी योनि को सहलाते हुए, मेरे उसके भगांकुर को रगड़ने लगी, मैं न चाहते हुए भी जोर जोर से आहें भरने लगी! उन्माद की बेचैनी के मारे मैं अपना सिर इधर-उधर करने लगी। लगा की साँसे रुक रुक कर चल रही हैं.. वाकई, कोई और छूता है, तो बहुत ही अलग एहसास होता है। आरती न जाने कब तक मेरी योनि को इस प्रकार रगडती रही, फिर अचानक ही उसने मेरे छिद्र में अपनी उंगली डाल कर अन्दर बाहर करने लगी। इस प्रहार को मैं नहीं सह पाई, और देखते ही देखते वह दबी घुटी आहें भरते हुए स्खलित हो गई। उसी उन्माद में मैं उठ कर जोर से आरती से लिपट गई। जब वासना का ज्वार थमा, तो मैंने देखा की सोफे के गद्दी पर मेरी योनि के नीचे की जगह गीली हो गई थी। न जाने क्यों मेरी आँखों में आँसू आ गए। आरती बिना कुछ कहे मुझसे लिपटी रही।

जब हम दोनों सहेलियां संयत हो कर एक दूसरे से अलग हुईं, तो आरती ने कहा, “अश्विनी रानी.. चल, तेरी योनि से बाल निकलवाते हैं.. ऐसा चिकना व्यंजन देख कर तेरे जीजू की भूख बढ़ जायेगी!”

मैंने काफी देर न नुकुर की, और नाराज़ होने का नाटक किया, लेकिन कौन लड़की सुन्दर नहीं दिखना चाहती? और कौन लड़की अपने प्रियतम को रिझाना नहीं चाहती? हम दोनों ने अपनी साफ़ सफाई करी, कपड़े पहने और बाहर चल दिए।

आरती मुझे एक वैक्सिंग सैलून लेकर गयी। मैं कभी कभार ब्यूटी पार्लर जाती हूँ, और शरीर की वैक्सिंग भी करवाती हूँ। वैक्सिंग करने में दर्द अधिक हो सकता है, बनिस्बत शेविंग जैसे उपायों के! लेकिन अनगिनत स्त्रियाँ आज कल वैक्सिंग ज्यादा करवाती हैं, क्योंकि उसके परिणाम कई कई सप्ताह तक रह सकते हैं। खास तौर पर गर्मी के मौसम में, जब शेविंग करने के एक-दो दिनों के अन्दर ही छोटे-छोटे बाल आना शुरू हो जाते हैं। वो अटपटा भी लगता है, और मेहनत भी बेकार जाती है। ऐसे में वैक्सिंग लंबे समय तक अनचाहे बालों से निजात दिलाता है। तो कहने का मतलब, मुझे भी अच्छा खासा अनुभव हो गया था अब तक! लेकिन आज कुछ अनोखा होना था। जब योनि और गुदा जैसे अति-संवेदनशील हिस्सों के बाल वैक्सिंग के द्वारा निकलवाए जाते हैं, तो इसको बिकिनी अथवा ब्राज़ीलियन वैक्सिंग करवाना कहते हैं। यह सैलून थोड़ा अप-मार्केट था.. बहुत ही साफ सुथरा और शांत! मुझे यहाँ आने से पहले डर लग रहा था की योनि पर से बाल नोचे जाने पर तो बहुत दर्द होगा, लेकिन यहाँ आ कर उम्मीद बंधी की सब ठीक हो जाएगा। आरती ने बताया की वो अक्सर बिकिनी वैक्सिंग करवाती है, और इसमें डरने जैसी कोई बात नहीं है। मुझे इंतज़ार नहीं करना पड़ा – वैक्सर मुझे एक रोशनी-युक्त छोटे कमरे में ले गई – इसमें कोई खिड़की नहीं थी, और मधुर संगीत भी बज रहा था। उसने मुझे एक टेबल पर लेटने को कहा – वो टेबल भी काफी साफ़ थी, और उस पर एक कागज़ की परत चढ़ी हुई थी.. जैसे कोई अस्पताल हो।

“आप अपनी पैन्ट्स उतार कर इधर लेट जाइए.. सर उधर रख कर..” उसने कहा।

“... और अंडरवियर?”

“आप बिकिनी वैक्सिंग करवाने आई हैं न?”

“हाँ.. पहली बार! इसलिए डर लग रहा है..”

“ओके! डरने जैसी कोई बात नहीं है.. और हाँ, अंडरवियर भी..”

मैंने अनिश्चित होकर अपनी चड्ढी उतार दी, और डरते हुए उस टेबल पर लेट गयी। वैक्सर मुझे बहलाने के लिए मुझसे बात करने लगी (आप यहाँ की लगती नहीं.. कहाँ से हैं? क्या कर रही हैं? कहाँ रहती हैं.. इत्यादि)।

खैर, बिकिनी वैक्सिंग के लिए वैक्सर को अपने गुप्तांगों में ज्यादा से ज्यादा पैठ देने के लिए अपनी जांघ को ऊपर की तरफ मोड़ कर और फैला कर रखना होता है... ठीक वैसे ही जैसे सहवास के समय लड़की लेटती है.. या लगभग वैसा ही! अब ऐसी दशा में कोई कैसे आराम से लेट सकता है? खुली हुई, पूर्णतः प्रदर्शित योनि, खूब सारी रौशनी, और एक अजनबी... न जाने आरती कैसे कह रही है की इतना खराब नहीं होता! झूठ कह रही है! मुझे तो लग रहा है की यह सब बहुत देर तक चलने वाला है.. अपने पैर हवा में उठाना, और अपने शरीर के उस भाग में किसी अजनबी की उंगलियाँ महसूस करना जहाँ अपने कभी सोचा भी ना हो, की

कोई छुएगा...

खैर! अब तो भगवान् ही बचाए!

यहाँ इस्तेमाल होने वाला वैक्स कुछ अलग था। यह जल्दी सूख जाता है.. मेरा मतलब बहुत जल्दी। वैक्सर इसको लगाती हैं, और लगभग तुरंत ही यह सूख जाता है। यहाँ तक तो ठीक है, लेकिन जान निकलती है जब वो इसको एक झटके के साथ शरीर से अलग करती है। गनीमत यह थी की वो वैक्स की हुई जगह पर अपने हथेली से थोड़ा दबाव डालती है.. इससे चुभन और दर्द कुछ कम हो जाता है। यदि वो ऐसे न करती तो शायद मैं बेहोश ही हो जाती! कोई अतिशयोक्ति नहीं है।

अब मुझे यह तो नहीं पता की ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली सारी महिलाएं बातूनी होती हैं या वो मुझको कुछ ख़ास ही स्वान्त्वाना दे रही थी, लेकिन अगले एक घंटे तक, जब मैं सिर्फ चीख, चिल्ला और दर्द बर्दाश्त कर रही थी, वो वैक्सर लगातार अपनी ही बातें करने में लगी हुई थी।

“आप पहली बार करवा रही हैं न, इसलिए दर्द तो ज़रूर होगा।“

‘कमीनी.. अभी तो कह रही थी की डरने वाली कोई बात नहीं है..!’

“बाल कुछ छोटे काट कर आती तो कम दर्द होता..”

‘माफ़ कर दो मालकिन..’

“आपको पता है.. अभी कल ही हमारे यहाँ एक दुल्हन आई थी यह वैक्सिंग कराने। कह रही थी की उसके होने वाले पति को सब चिकना चिकना चाहिए था.. हे हे हे!”

“आअह्ह्ह्ह... ह्म्म्म..”

“आपकी भी शादी होने वाली है क्या?”

“इह.. आह.. नहीं.. ऐसे ही..”

“ओह!”

न जाने क्या समझी वो! वैसे ज्यादातर लड़कियाँ तो इसीलिए बिकिनी वैक्सिंग करवाती हैं जब उनको यौन क्रिया करनी होती है.. बिलकुल वह भी यही समझी होगी। वैसे, मन में मेरे भी तो यही था!

“आप तो उससे ज्यादा हिम्मती हैं... उसकी तो चीख चिल्लाहट के साथ साथ कुछ पेशाब भी निकल गयी...”

‘आरती की बच्ची! ठहर.. तेरी खैर नहीं!’

उसने जांघों के ऊपरी हिस्से से शुरू होते हुए योनि तक ऐसे ही वैक्स किया। दर्द भी इसी प्रकार से बढ़ता रहा। योनि तक आते आते दर्द असहनीय हो गया! देखने में तो यहाँ के बाल तो पूरी तरह से बेकार लगते हैं। लेकिन जो दर्द मुझे महसूस हुआ, उससे तो यही लगता है की जघन क्षेत्र के बाल निकालने नहीं चाहिए! उनका कोई तो उपयोग होगा.. पता नहीं! खैर! अच्छी बात यह थी की यह महिला लगातार मुझसे बात कर रही थी.. इससे मेरा ध्यान अपने दर्द से काफी हट सा गया था।

लेकिन इतना होने के बावजूद, परेशानी तो होती ही है। वातानुकूलन चल रहा था, लेकिन फिर भी मुझे पसीने छूट रहे थे। ऐसे की जैसे अभी दौड़ कर आई हूँ! हाथ, चेहरा, छातियाँ.. सब जगह पसीना! और फिर यह नोचना खसोटना बहुत ही अन्तरंग स्थान पर होने लगा – योनिमुख के बेहद समीप! एक बारगी मन में आया की यह कमीनी अपनी एक उंगली भी अन्दर घुसेड़ देती.. कम से कम ध्यान हट जाता। वो तो जल्दी ही कर रही होगी, लेकिन मुझे लग रहा था की न जाने कितनी देर से यह नोच खसोट चल रही है।

अंततः योनि के ठीक बीच पर वैक्स लगा, और इससे पहले की मैं खुद को तैयार कर पाती, उसने उसे तेजी से उखाड़ दिया। दर्द के अतिरेक से मेरी आँखों में आंसू भर गए। मन हुआ की फूट फूट कर रो दूं। लेकिन जैसे तैसे खुद को ज़ब्त किया।

“वैरी गुड हनी! यू आर सो ब्रेव!! अब पीछे भी कर लें?”

आरती ने कहा था की पीछे वैक्सिंग करने में दर्द नहीं होता। एक तरह से सच ही था – जब पहले ही किसी लड़की की योनि और भगनासे को नोच लिया गया हो, उसको और क्या दर्द महसूस होगा? दर्द क्या.. पहले की तकलीफ़ के आगे यह तो जैसे बगीचे की सैर जैसा लगा! खैर, जैसे तैसे मेरी वैक्सिंग ख़तम हो ही गयी। उस वैक्सर ने वैक्सिंग ख़तम होते ही किसी तरह का लोशन लगा दिया और अपने दराज से एक दर्द निवारक गोली भी दी।

फिर वो मुझे एक आदमकद आईने के पास ले गयी और मुस्कुराते हुए बोली, “देख लीजिये... अपनी योनि को ध्यान से...”

मैंने देखा और अपनी योनि को ऐसे नंगा देख कर खुद ही शर्म से पानी पानी हो गई... मुझे समझ नहीं आया की क्या करूँ, बस उस वैक्सर के गले लग गई, और उसको दोनों गालो पर चूम कर बोली, “यू आर ग्रेट... यू हैव डन अ वंडरफुल जॉब...!”

कुछ देर वहाँ बैठने के बाद मैं आरती के साथ बेढंगी चाल चलती हुई घर तक पहुंची। घर तक

आते आते दर्द काफी कम हो गया, और मैं ठीक महसूस करने लगी। बाहर किसी होटल जाने के बजाय घर पर ही खाना मंगाने का निश्चय किया था, यह सोच कर की ऐसे बेढंग चाल चलता हुआ देख कर न जाने लोग क्या सोचेंगे! खैर, इतने दर्द झेलने के बावजूद मुझे साफ़ और चिकना होने का एहसास बहुत अच्छा लग रहा था। मुझे बहुत ख़ुशी मिल रही थी, और एक तरह से वो मेरा प्रतिष्ठा वाला पल भी था।

घर पर आने के बाद आरती ने बड़ी बेशर्मी से मुझे एक बार फिर से नंगा कर दिया और मेरी योनि को ध्यान से देखते हुए बोली, “सच में अश्विनी, तू कितनी सुन्दर है! और.. तेरे जैसी सुंदर और मस्त योनि शायद ही किसी लड़की की हो! तेरा प्रेमी या पति, जो भी होगा.. वो बहुत भाग्यवान होगा! जो तेरी जैसी सुन्दर लड़की, इतनी सुन्दर योनि भोगेगा!”

और कहते हुए उसने मेरी योनि पर बहुत ज़ोर का चुम्बन लिया।

“सच में.. बेहोश हो जाएगा वो!” कह कर उसने प्यार से मेरी चिकनी सी योनि पर उंगली फिराई।

मैं तो शर्म से पानी पानी हो गई। मैं मन ही मन सोच रही थी, ‘क्या वो भी मेरी योनि को ऐसे ही चूमेंगे... ऐसे ही प्यार करेंगे...?”

आरती ने मुझसे कहा भी, “जानेमन, अब तो तुम ठुक ही जाओ!”

मैंने भी मस्ती करी, “आरती यार.. मैं तो कब से तैयार हूँ.. लेकिन मेरे बुद्धू सजन को कैसे समझाऊँ?”

“मैं तुझे रास्ता बताऊंगी.. लेकिन मुझे भी कुछ मिलना चाहिए.. है न?”

“क्या चाहिए तुझे?” मैंने ना-समझी में पूछा।

“तेरी योनि!” और हम दोनों खिलखिला कर हंस दीं।

डिनर के बाद हम दोनों मेरे कमरे में चली गईं। आरती ने इस पूरे समय सिर्फ टी-शर्ट और चड्डी पहनी हुई थी, तो मेरी भी हिचकिचाहट चली गयी। मैंने भी उसी प्रकार के वस्त्रों में उसके साथ बिस्तर में घुस गई और हम दोनों बातें करने लगी। बातों बातों में वंशिका मुझसे लड़कों के साथ सहवास की बातें करने लगी। हम दोनों कॉलेज के लड़कों, उसके मंगेतर और अथर्व के बारे में बातें करते रहे। मैंने उसे अथर्व के लिए अपने दिल की चाहत के बारे में उसको पहले से ही बता रखा था, और आरती भी मुझे बताने लगी की कैसे एक बार अरुण ने उसके साथ सहवास किया था। यह मेरे लिए एक नई खबर थी। मैंने उससे सारे वृत्तान्त को बताने को बोला, तो वो रस ले लेकर मुझे सब बताने लगी। इतना तो समझ आया की दोनों ने एक झट-पट क्विकी करी है, लेकिन उसके बताने का तरीका इतना मजेदार था, की मुझे अपनी योनि के आस पास फिर एक जाना-माना पिघला सा एकसास होने लगा।

वो कमीनी यह सब बोलते हुए मुझे लगातार छेड़ती भी जा रही थी, और मेरी जाँघ सहला रही थी। मैं जल्दी ही उत्तेजित होने लगी और उसके बताने जैसे ही सहवास के बारे में सोचने लगी। मेरी साँसें भारी होने लगीं और मेरी योनि भी गीली होने लगी। और यह सिर्फ मेरी ही हालत नहीं थी। यह सब कहते करते आरती भी गहरी साँसें ले रही थी, और उसकी छातियाँ साँस लेने के साथ साथ ऊपर नीचे हो रही थीं। मेरे मन में आया की उनको दबा दूँ, और मैंने ऐसा ही किया।

“अआह्ह्ह... मार डालेगी क्या? अरे आराम से दबा.. तेरी सहेली के ही हैं..”

“ओके!” मैंने कहा, और उसके दोनों गालों को बारी बारी से चूम लिया। और जैसी मुझे उम्मीद थी, आरती भी मेरा सर पकड़ कर अपने और पास लाने की कोशिश करने लगी, और मुझे होंठों पर चूमने लगी। आरती ने पिछली बार भी पहल करी थी, तो इस बार वो कैसे पीछे रह जाती? वो कुछ ही देर में मेरे होठों को चूसने लगी। जाहिर सी बात थी, आरती भी उत्तेजित थी।

“ओह मेरी रानी! तू बहुत सैक्सी है! मैं आदमी होती तो तुझे यही पटक कर ठोक डालती! हाय!”

मैं क्या बोलती? बस उसके चुम्बन में साथ देती रही। कुछ देर बाद उसने अपनी बाहें मेरी कांख के नीचे डाल कर मुझे अपने ऊपर की तरफ आने को कहा। मैं इशारा समझ कर उसके ऊपर आ गई और अपनी योनि को उसकी योनि पर दबाने रगड़ने लगी। आरती मेरे होठों को हल्के हल्के काटती हुई, अपने होंठों में दबा कर चूस रही थी।

मैंने कहा, “हाय आरती! तू ही आज आदमी बन जा.. अब तो रहा नहीं जा रहा है...”

आरती मुस्कुराई। उसने कुछ जगह सी बना कर पहले मेरी, और फिर अपनी टी-शर्ट उतार दी। उसके सांवले सलोने और प्यारे खिलौने मेरे सामने थे। मैं उनके रूप का स्वाद ले रही थी, और

उसी बीच उसने मेरे नितम्बों पर हाथ फेरते हुए मेरी चड्ढी भी नीचे कर दी। मैंने स्वयं ही उनको उतार दिया और आरती के होठों को चूसने लगी।

आरती मुझको पलट कर नीचे लिटा कर मेरे ऊपर चढ़ गयी, और अपनी चड्ढी उतार कर अपनी योनि से मेरी योनि को रगड़ने लगी। बीच में मैंने एक बार उसके एक स्तनाग्र को अपनी उँगलियों के बीच मसल दिया। वो जोर से चिंहुकी तो मैं हंसने लगी।

“आरती, तुझे ऐसे मज़ा आता है?”

उसने हाँ में सिर हिलाया तो मैं पुनः उनको मसलने कुचलने लग गयी।

“मेरी बन्नो! तेरी योनि तो बहुत गरम हो गई है! देख न! और मेरी भी देख! कैसे उससे पानी निकल रहा है! बोल.. ठुकने का मन हो रहा है न?”

कहते हुए आरती मेरे ऊपर झुक कर मुझे पुनः चूमने लगी। हम दोनों लड़कियाँ साथ ही साथ अपने दोंनों हाथों से एक दूसरे के स्तनों का मर्दन कर रही थीं। मेरी योनि वाकई बहुत गीली हो गयी थी, और मुझे वाकई एक तगड़े सहवास का मन होने लगा था। मैंने आरती के स्तनों को पकड़ कर अपने मुंह की तरफ खींचा और उसके चूचक चूसने लगी।

“आरती, तेरे स्तन कितने बढ़िया हैं! इनको दबाने और चूसने में कितना मज़ा आता है!”

“मेरी रानी! तुझे इतना मज़ा आता है, तो सोच, लड़कों को कितना आता होगा?”

“अरुण के रहते तुझे और लड़के चाहिए क्या?”

“ही ही ही.. जानती है, वो एक दिन कह रहा था की वो मेरे बूब्स के बीच अपना लिंग रगड़ना चाहता है!”

“क्या? होओओओओ!”

“हाँ.. मिस्टर मेरी योनि ही नहीं, मेरे बूब्स भी ठोकना चाहते हैं!”

मैं उत्तेजना में आ कर उसके स्तन खुद जोर से दबा दिए।

“आह्ह्ह्ह अश्विनी! मसल दे! हाय! चूस, और जोर से चूस! काट ले इनको!”

उसके उत्साहवर्धन पर मैं उसके स्तनों को और जोर से दबाना, चूसना और काटना शुरू कर दिया। उधर, वो अपने हाथों से मेरे नितम्बों को मसलने लगी। मैंने इशारा पा कर अपनी एक उंगली उसकी योनि पर रखी, और उसको सहलाने लगी। वाकई, उसकी योनि भी बहुत गीली

थी। मैं ज़रा सी हरकत से अपनी उंगली उसकी योनि में डाल दी। आरती सिसक उठी। वो भी मेरे ऊपर से उतर कर मेरे बगल लेट गई और उसने भी मेरी योनि में अपनी एक उंगली डाल दी।

मैं थोड़ा उत्सुक थी। सुना था की सहवास करने से लड़की की योनि का आकार बढ़ जाता है (दरअसल ऐसा होता तो है, लेकिन योनि बहुत लचीली और इलास्टिक होती है.. इसलिए उसके आकार में आया परिवर्तन जल्दी ही वापस हो जाता है। यदि लड़की कुछ दिन सहवास न करे, तो उसकी योनि का आकार पहले जैसा हो जाता है।)। तो, अगर आरती ने सहवास किया है, तो ज़रूर उसकी योनि का आकार बढ़ गया होगा। मैंने चुपके से अपनी दूसरी उंगली भी आरती की योनि में प्रविष्ट करा दी। यह उंगली आसानी से अन्दर नहीं गयी। लेकिन आरती ने हिल डुल कर, जैसे तैसे उसकी अपने अन्दर डालने में मेरी मदद करी। जैसे ही उंगलियाँ उसकी योनि में गईं, मैंने उनको उसकी योनि के अंदर-बाहर करना शुरू कर दिया। उधर आरती ने अपनी उंगली मेरी योनि से निकाल कर मेरे होंठों को जोर जोर से चूसना शुरू कर दिया। मैंने अपनी उँगलियों को उसकी योनि के अंदर-बाहर करने की गति और तेज़ कर दी। जैसे जैसे मेरे हाथ की गति बढ़ती, आरती की सिसकारियों की आवाज़ भी उतनी जोर से आती। कुछ ही देर में उसने अपना चरम सुख प्राप्त कर लिया और वो अपना सिर इधर उधर हिलाते डुलाते हुए आहआह की आवाजें निकालने लगी।

मैं रुक गयी। आरती को ऐसे सुख के आसमान में गोते लगाते देखना बहुत सुखद था। कुछ देर बाद उसने अपनी आँखें खोली, और मुझे चूमते हुए बोली, “हाय रानी! तुमने बहुत मज़ा दिलाया! अब देख, मैं तुझे कैसे मज़ा दिलाती हूँ!”

और वो अपनी साँसें संयत कर के मुझे फिर से चूमने चाटने लगी। और धीरे धीरे मेरे चेहरे से मेरे शरीर के नीचे की ओर जाने लगी।

“तेरी योनि के लिए एक लिंग चाहिए, रानी!” उसने फरमाया!

“ह्म्म्म?” मैंने मस्ती में कहा।

“खीरा है क्या?”

“हं?”

“तू लेटी रह.. मैं आती हूँ!”

मैं पीठ के बल लेटी हुई अपनी साँसे संयत करने लगी। कुछ ही देर में आरती वापस आई.. उसके हाथ में एक खीरा था।

“हैं? इसका क्या करेगी?”

“अरे रानी, तेरी योनि का इलाज है इसमें! आज इसी लिंग से काम चला ले?”

कहते हुए वो बिस्तर पर मेरे पास आई, और उसने खीरे को मेरी योनि पर फिराया। फ्रिज़ में रखा होने के कारण खीरा बहुत ठंडा हो गया था। मैं चिहुंक गयी। और उसी के साथ मेरे होश भी ठिकाने आ गए।

“नहीं.. आरती.. प्लीज! ये मत घुसाना!”

“क्यों डा?”

“नहीं यार! प्लीज! मैं ‘उनके’ अलावा और कुछ अपने अन्दर नहीं लेना चाहती..”

“ओओह्ह्ह्ह! तो आग इतनी भड़की है! मेरी रानी अपने जीजू को अपनी कुंवारी योनि का उपहार देना चाहती है! हाय! ऐसी किस्मत सभी आशिको की हो! कसम से.. हा हा हा!”

आरती की नंगेपन से भरी इतनी बेशर्म बात सुन कर मैं शर्म से पानी पानी हो गयी।

“चुप कर..”

“ही ही ही.. आज खीरे से ठुक जा.. कल अपने जीजू का डलवा लेना!”

“आरती की बच्ची.. तू मरने वाली है अब..!”

“अरे! अभी थोड़ी देर पहले ही तो मैंने अपनी उंगली डाली थी?”

“ये खीरा इसकी शकल बिगाड़ देगा! उंगली तो पतली सी होती है..”

“अरे मेरी मेनका! अपने विश्वामित्र को भी तो पटा पहले.. नहीं तो तेरी योनि सूखी रह जायेगी!”

“सच में आरती! किस्मत ही खराब है मेरी!”

“किस्मत नहीं.. तू गधी है.. पूरी गधी!”

“तो मैं क्या करूँ?”

“स्त्री को करना ही क्या है? भगवान् ने स्त्री को ऐसा ही बनाया है की उसको कुछ न करना पड़े! जो करना है बस मर्द को ही..” कहते हुए उसने आँख मारी!

“लेकिन वो तो मेरी तरफ देखते ही नहीं..”

“जानेमन..” आरती ने मेरे एक नितम्ब को अपने हाथ से दबाते, और मेरे एक स्तनाग्र को चूसते हुए कहा, “.. या तो तेरा जीजू अँधा है.. या फिर नामर्द!”

“क्या कह रही है?” मुझे उनकी बुराई बिलकुल अच्छी नहीं लगी। और ऊपर से यह भी की उसने इसी समय मेरे चूचक काटने शुरू कर दिए।

“हट तू.. छोड़ इसको!” कहत एहुए मैंने झिड़की लगाई।

“गुस्सा मत हो यार! मैंने बस तुझे छेड़ा! लेकिन तू ही बता.. तुझ जैसी लड़की एक ही छत के नीचे है.. उनको उसकी चाहत, उसका प्यार नहीं दिखता? क्यों?”

वो मेरे पेट को चाटती हुई मेरी योनि तक पहुँच गई और मेरी जांघों को चाटने लगी। मैं स्वप्रेरणा से अपने नितम्ब को आगे पीछे करते हुए अपनी योनि को उसके मुँह पर फिराने लगी। अंततः आरती ने अपनी दो उँगलियाँ मेरी योनि में डाल दीं और उन्हें अंदर-बाहर करने लगी। साथ ही साथ वो मेरे भगनासे को अपनी जीभ से धीरे धीरे चाटने लगी।

“अब कैसा लग रहा है?”

“बहुत अच्छा! और... स्स्सस..... आअह्ह्ह.... चाटो और चाटो!”

आरती ने बिलकुल वैसे ही किया।

“आह! आरती..” मैं आनंद से मरी जा रही थी, “तू यह क्या जादू कर रही है?” मैं जैसे तैसे अपनी सांस सम्हालने की कोशिश कर रही थी।

“आरती... हाय... कैसा कैसा तो हो रहा है!” मैंने कहा।

“मजे ले मेरी जान! बस मजे ले...” आरती ने कहा।

मेरी आँखें उन्माद के मद में बंद हो गयी थीं और मैं अपने नितम्ब जोर से चला रही थी। मन में बस यही हो रहा था की अथर्व इसी समय आ जाएँ, और मुझे प्यार करें!

“अआह्हह.. ओह्ह्ह!” मैंने अपना मुँह तकिये में दबा लिया। आरती किसी अनुभवी खिलाड़ी की तरह तेजी से मुझे अपनी उँगलियों से ठोकती रही और मैं जल्दी ही रति-निष्पत्ति को प्राप्त हो गयी। मेरी योनि से निकल कर रस की बौछार आरती के हाथ, और साथ ही साथ बिस्तर को भिगोने लगी। जैसे ही आरती ने अपनी उंगलियाँ बाहर निकाली, मैं बिस्तर पर गिर गई

और जोर जोर से हांफने लगी।

आरती ने मुझे चूमते हुए कहा, “अश्विनी मेरी जान, मेरे दिमाग में एक आईडिया है... तेरे जीजू को पटाने का!”

कह कर उसने मेरी योनि का रस चाट चाट कर वहाँ सफाई कर दी, और मुझे बाहों में लेकर मुझे अपना प्लान समझाने लगी।

सोमवार सवेरे ही अथर्व की कार दुर्घटना की खबर आई। मुझ पर तो मानो वज्रपात हुआ। खबर सुनते ही मुझे चक्कर आ गया, और मैं जहाँ खड़ी थी, वही गिर गई।

“अथर्व शेखावत को जानती हैं?” फ़ोन के उस तरफ से दो टूक सवाल किया गया।

“...जी हाँ!”

“आप?”

“जी मैं उनकी.. रिलेटिव हूँ” मैंने हिचकिचाते ही कहा, “... क्यों?”

“ओके.. उनका एक्सीडेंट हुआ है मैडम...” उधर से उत्तर सुन कर मेरा मन जोर जोर से धड़कने लगा। सोचने लगी की कहीं अथर्व को कुछ हो तो नहीं गया...।

“आप प्लीज ठीक ठीक बताइए...”

"... आप जल्दी से अपोलो हॉस्पिटल आ जाइए..” उधर फिर से दो टूक आवाज़ आई।

“आप बताएँगे तो?”

“कहा न...”

“हाँ... वो मेरे रिलेटिव हैं..। सब ठीक तो है।“ मैंने घबराते हुए पूछा।

“खबर ठीक नहीं है।“

“...क्या मतलब...?”

“वैसे हम उनका ऑपरेशन कर रहे हैं.. लेकिन...”

“लेकिन क्या...?”

“बचने की कोई उम्मीद नहीं है। खून बहुत निकल चुका है.. और.. और देर भी काफी हो गयी है..।“

इतना सुनना था की मैं बेहोश होकर वही फ़र्श पर ढेर हो गई। सहेलियों ने मेरे चेहरे पर पानी के छींटे दे देकर मुझे होश में लाया। और, थोड़ा होश आने पर मेरे साथ हॉस्पिटल पहुंचे। करने

को वहाँ क्या था? बस, अनगिनत कागजों पर दस्तखत करने थे। वैसे भी इंश्योरेंस अथर्व के इलाज का पूरा खर्चा उठा ही रहा था। उनके ऑफिस से कई सारे लोग आ कर मिल चुके हैं.. कोई आश्वासन देता, कोई हिम्मत बढ़ाता, कोई सलाह देता, तो कोई मदद!

लेकिन मुझे कुछ समझ नहीं आता, कुछ सुनाई नहीं देता, कुछ दिखाई नहीं देता। बार बार आँखों के सामने कुछ ही दिनों पहले हुए आतंक के चित्र खिंच जाते। मैं वापस वैसे परिस्थितियां झेलने के लिए बिलकुल भी तैयार नहीं थी। इतने बड़े संसार में ऐसे नितांत अकेली रहना...!! बस मन में एक ख़याल रहता की भगवान्, इनको ठीक कर दो.. जल्दी! न अन्न का दाना खाया जाता, न ही जल की एक बूँद पी जाती! लेकिन जीने के लिए करना पड़ता है.. जैसे तैसे अन्न जल को अपने उदर के अन्दर धकेल कर वापस आई सी यु के सामने बैठ जाती, की न जाने कब इनको होश आ जाए!

'बचना मुश्किल है..'

'खून बहुत बह चुका..'

'बहुत देर से हॉस्पिटल लाये जा पाए..'

'दुआ करो की बच जाएँ..'

'अगले बहत्तर घंटे में कुछ सुधार हो तो कुछ गुंजाईश है..'

'कमाल है.. बस होश आ जाय..'

'जैसा सोचा था, उतना बुरा नहीं है..'

'बच जायेंगे अब..'

'बस, जल्दी से होश आ जाय..'

एक.. दो.. तीन.. ऐसे कर के पूरे अट्ठारह दिन बीत गए! न जाने इस प्रकार के कितने बयान सुने! डॉक्टर भी क्या करे! वो कोई भगवान् या अन्तर्यामी थोड़े ही होते हैं.. और फिर अंततः..

".. यहाँ नर्सें कह रही हैं की वो आपको वापस ले आईं.. जैसे सावित्री ले आईं थीं सत्यवान को! हो सकता हो की यह सच भी हो!"

सुन कर मेरी आँखों से आंसू ढलक गए! ऐसे क्यों कह रहे हैं डॉक्टर? मैं इनकी पत्नी हूँ नहीं.. लेकिन... लेकिन... ओह!

“आप भले मेरी बात को मज़ाक मानिए, लेकिन मैंने यह सब कहना अपना फ़र्ज़ समझा.. आगे इनका खूब ख़याल रखिएगा.. यू शुडन्ट भी अलाइव!”

“डॉक्टर.. एक मिनट..” मैंने कहा, “मैं इनकी पत्नी नहीं.. साली हूँ....”

“ओह! आई ऍम सॉरी! मुझे लगा की आप इनकी बीवी हैं.. ऐसी चिंता, ऐसी सेवा तो आज कल बीवियां भी नहीं करतीं।”

“इट इस ओके!”

“अश्विनी?” उन्होंने पुकारा! उनकी आँखों में आंसू थे।

“जी?” मेरे दिल ने राहत की सांस ली.. मैंने उनका हाथ पकड़ लिया।

“थैंक यू!”

दिल के सारे बाँध टूट गए.. मैं उनके हाथ को अपने दोनों हाथों में थाम कर अपने आंसुओं से भिगोने लगी।

‘हे भगवान्! आपका लाख लाख शुक्र है!’

२५

अगले सप्ताह मुझे अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। हादसे की गंभीरता के विपरीत, मेरे शरीर में टूटी हुई हड्डियों की संख्या काफी कम थी – बस हाथ, पैर और पसलियों में कुछ टूट फूट हुई थी। इस दुर्घटना ने मानसिक और भावनात्मक तौर पर कितनी चोट पहुंचाई थी, वो तो समय के सतह ही मालूम होना था। लेकिन, हाल फिलहाल, सभी का (और मेरा भी) उद्देश्य मुझे वापस अपनी पहले वाली शारीरिक दशा तक लाना था। अस्पताल में पड़े रहने से कोई लाभ नहीं था – वहाँ जितना स्वास्थ्य लाभ उठाना था, वो तो हो गया था। इसलिए अब घर में ही रहने का आदेश हुआ था। एक बड़ी समस्या यह थी की मेरी देखभाल कौन करेगा – ऐसी ऐसी जगहों पर हड्डियाँ टूटी थीं, की मैं खुद से तो अपनी देखभाल तो क्या, ठीक से उठ या चल फिर नहीं सकता था। अश्विनी ने तुरंत ही मेरी देखभाल करने के लिए आग्रह किया, लेकिन मैंने ही मना कर दिया। उसकी पढाई लिखाई का हर्जा कर के मुझे कोई ख़ुशी नहीं मिलने वाली थी। और वैसे भी मुझे एक ऐसी नर्स चाहिए थी तो मेरे साथ अगर सारे चौबीस घंटे नहीं तो उसके ज्यादातर समय तक तो रहे ही।

खैर, मेरे डिस्चार्ज के ठीक एक दिन पहले एक ऐसी नर्स मिल गई, और जैसे ही वो मिली, मुझे डिस्चार्ज होने का सुख भी मिल गया (अस्पताल की गंध से मुझे उबकाई आती है... तो मात्र वहाँ से छुटकारा पाने के ख़याल से ही सुख होने लगता)। घर पहुँचने के लगभग साथ साथ ही एक नर्स ने दरवाजे पर दस्तखत दी। उसके साथ कुछ देर अश्विनी ने वार्तालाप किया, और फिर वो मेरे कमरे में अन्दर आई। मैंने देखा की वो बिलकुल साफ़-सुथरी बेदाग़ सफ़ेद पोशाक पहने एक लड़की थी – उसकी आँखों में हल्का सा काजल लगा हुआ था, और उसने अपने बाल पोनीटेल जैसे बाँधा हुआ था। नर्स शब्द सोच कर लगता है की कोई प्रौढ़ उम्र की एक कन्टाली महिला होगी.. लेकिन यह सबसे पहले तो एक लड़की थी.. बस कोई चौबीस-पच्चीस साल की.. और.. और उसका चेहरा एकदम खिला खिला सा था। मुस्कुराता हुआ। उतनी ही मुस्कुराती हुई और चमकदार आँखें!

“हेल्लो मिस्टर शेखावत!” उसने प्रफुल्ल आवाज़ में कहा, “हाउ आर यू फीलिंग टुडे?”

और मेरे उत्तर देने से पहले, “ओह.. बाई दि वे.. आई ऍम योर नर्स, आयशा!”

“हेल्लो आयशा! थैंक यू फॉर अक्सेप्टिंग टू टेक केयर ऑफ़ मी!”

अगले कुछ देर तक उसने मुझे और अश्विनी को अपना अपॉइंटमेंट लैटर पढाया, मेरी दवाइयों और उनको लेने की समय सारिणी, व्यायाम और अन्य आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से बताया। ज्यादातर बातें तो ठीक थी, लेकिन जब उसने यह भी बताया की उसकी ड्यूटी में रोज़ मेरे कपड़े बदलना, नहलाना और बाथरूम में मदद करना भी शामिल रहेगा तो मुझे कुछ घबराहट और कोफ़्त सी महसूस हुई।

“आयशा, टेल मी अबाउट योर फॅमिली!” मैंने कहा। इतनी देर तक अंग्रेजी में ही बातें हो रही थीं.. मुझे लगा की औपचारिक रहना ठीक है..

“मैं, और मेरे अब्बू.. बस, हम दो ही जने हैं!”

“अरे वाह! आपको तो हिन्दी बोलनी भी आती है? और.. आपके बोलने से लग रहा है की आप उत्तर भारत की हैं..?”

“आपको कैसे पता? दरअसल, मेरे अब्बू लखनऊ से हैं! वो यहाँ बैंगलोर में कोई पैंतीस साल पहले आये थे.. काम के लिए। वो रिटायर हो गए हैं.. शॉप-फ्लोर पर एक एक्सीडेंट में उनका हाथ कट गया था। तब से वो रिटायर हो गए हैं। घर चलाने और उनकी दवाइयों के खर्च के लिए पेंशन पूरा नहीं पड़ता न.. इसलिए मैं भी काम करती हूँ।“

बिना कहे ही उसको जैसे मेरी मन की बात समझ में आ गयी। इतना तो मुझे समझ में आ गया की इस लड़की से आराम से बात चीत की जा सकती है। यह एहसास अपने आप में बहुत सुखद था.. इतने दिन गहरे मानसिक अवसाद में गुजारने, और फिर एक प्राणघातक दुर्घटना झेलने के बाद मुझमें वापस जीवन जीने की इच्छा प्रबल हो गयी थी।

खैर, आयशा को कुछ और कुरेदने पर उसने बताया की वैसे तो नर्स बनने, या फिर किसी तरह का करियर बनाने की उसने कभी सोची ही नहीं थी। निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार से सम्बद्ध होने के कारण उसकी नियति उसको मालूम थी। जैसे तैसे तो उसने इंटरमीडिएट की परीक्षा बायोलॉजी साइंस से पास करी। बायोलॉजी लेने पर भी घर में बहुत हाय-तौबा मची।

‘आर्ट्स या होम साइंस क्यों नहीं लेती?’ कह कह कर नाक में दम कर दिया। लेकिन आज पीछे देख कर लगता है की अच्छा किया! अपने अब्बू के एक्सीडेंट के बाद उसने जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी का कोर्स किया। जब तक कोर्स ख़तम हुआ तब तक उसकी अम्मी चल बसी, और घर की माली हालत बहुत खराब हो गयी। अच्छी बात यह रही की उसकी इस हॉस्पिटल में नर्सिंग का कार्य मिल गया, जिससे कुछ सहारा हो सका। यदि सब कुछ ठीक रहता तो पढाई लिखाई नहीं, वो किसी के बच्चे जन कर उनको पाल रही होती।

मैंने पूछा की वो और आगे नहीं पढना चाहती, तो उसने बताया की बिलकुल पढना चाहती है.. लेकिन बीएससी नर्सिंग का कोर्स दो साल का है.. और इस समय वो अपने काम से मुक्त नहीं हो सकती।

उसने यह भी बताया की घर ही नहीं, जान पहचान में भी सभी ने कितना बवाल मचाया। उसका नर्सिंग की पढाई करना जैसे सभी का ठेका हो गया। ‘गैर मर्दों को छुएगी!’ यह सभी के जीवन का मानो सबसे बड़ा मुद्दा बन गया। लेकिन वो कहते हैं न.. जब ज़रुरत होती है, तो हर बात छोटी हो जाती है। कुछ दिनों बाद सभी लोग चुप हो गए.. भारत की नर्स आज कल गल्फ और यूरोप में काफी डिमांड में हैं.. इसलिए पहले हाय तौबा मचाने वाले, अब उसके

करियर में सिक्कों की खनक सुन कर रिश्तेदारी जोड़ने के लालच में चुप हो गए।

“और यह इतनी अच्छी इंग्लिश कैसे बोलती हो?” मैंने पूछा।

“जब इतनी कठिन ट्रेनिंग होती है, तो लगता है की क्यों न फिर इस मौके का पूरा फायदा उठाया जाय। लैब ट्रेनिंग, लाइब्रेरी, और हेल्थ सेंटर्स.. वहाँ अनगिनत घंटे बिताने के बाद बचे हुए समय में मैं डिस्कवरी और न्यूज़ चैनल देखती, और अंग्रेजी पढ़ती। बिना अंग्रेजी के आगे कैसे बढ़ा जा सकता है?” उसने एक बुद्धिमत्तापूर्ण उत्तर दिया। इसी बीच अश्विनी भी कमरे में आ गयी।

“दैट इस ग्रेट, आयशा! आपसे बात करके मुझे लग रहा है की अब मेरा केयर ठीक से होगा, एंड दैट आई ऍम इन सेफ हैंड्स!”

मेरी इस बात पर वो ख़ुशी से मुस्कुराई। हम तीनों कुछ देर तक इधर उधर की बातें करते रहे। आयशा ने मुझे आराम करने को कहा, लेकिन मैंने यह कह कर मना कर दिया की पिछले न जाने कितने महीनो से किसी से ढंग से बात नहीं किया – न घर के बाहर, और न ही घर के अन्दर! इसलिए, आज रोको मत.. अगर थक गया, तो मैंने खुद ही चुप हो कर सो जाऊँगा। मेरी इस दलील पर दोनों ही लड़कियाँ चुप हो गयी, और हमने कुछ और देर तक बात चीत जारी रखी।

मुझे इस बात का अनुमान था की मेरे एक्सीडेंट के कारण अश्विनी की पढाई का काफी नुक्सान हो गया था, इसलिए मैंने उससे आग्रह किया की वो अब बेफिक्र हो कर अपने कोर्स को जल्दी जल्दी पूरा करने पर ध्यान लगाए। वैसे भी घर में खाना पकाने के लिए हमारी काम-वाली ने स्वीकार कर लिया था। मजे की बात यह है की अभी मेरा जीवन पूरी तरह से स्त्रियों के भरोसे पर टिका हुआ था।

“अच्छा.. मैं आप से एक बात पूछूं?” मैंने आयशा से कहा।

“हाँ, पूछिए न?”

“आपके नाम का मतलब क्या है?”

“ओह! हा हा.. आयशा शायद अरबी या फ़ारसी शब्द है.. और इसका मतलब है.. उम्म्म.. सुशील, सभ्य, हैप्पीनेस, आनंद, मेजेस्टी.. एक्चुअली बहुत सारे मीनिंग्स हैं.. लेकिन लड़कियों के लिए यूज़ होने से इसका मतलब हैप्पीनेस होना चाहिए..”

“वैरी नाईस!” कह कर मैं कुछ और देर तक चुप हो गया।

और फिर बिस्तर से उठने की कोशिश करने लगा।

“आपको उठना है?”

“हाँ.. एक्चुअली, टॉयलेट जाना है..”

“ओके” कह कर आयशा मेरी उठने में मदद करने लगी।

कोई दो तीन मिनट कोशिश करने के बाद, जिससे मुझे कम से कम तकलीफ़ हो, आयशा मुझे सहारा दे कर टॉयलेट तक पहुँचाया। इतना तो तय था की बिना उसके सहारे के मैं यह सब मामूली काम भी नहीं कर सकता था, लेकिन ऐसे ही किसी अनजान लड़की (जो की उम्र में मुझसे काफी छोटी हो) के सामने निर्वस्त्र कैसे हुआ जा सकता है? एक वयस्क पुरुष के लिए इससे ज्यादा लाचारी और लज्जा का विषय और क्या हो सकता था?

“आयशा.. आप.. अब मैं देख लूँगा..” मैंने हिचकिचाते हुए कहा।

“नाउ वेट अ मिनट! आई थिंक वी नीड टू टॉक एंड सॉर्ट आउट समथिंग। मैं आपकी नर्स हूँ, तो सबसे पहला रूल यह है की आपको मेरे सामने शर्माने की कोई ज़रुरत नहीं है। आपके हाथ और पैर पर प्लास्टर चढ़ा हुआ है, और रिब्स पर भी चोटें हैं.. अगर आप पूरी तरह से ठीक होते तो मेरी ज़रुरत ही नहीं थी.. है न?”

“हाँ.. वो सब तो ठीक है लेकिन..”

“लेकिन वेकिन कुछ नहीं। आप अगर इस बात से शर्मा रहे हैं तो यह सोचिये की मैं आपको स्पंज बाथ, टॉयलेट, ड्रेसिंग भी करूंगी.. तो प्लीज.. ओफेन्देड मत फील कीजिए! ओके?

“ओह गॉड! कहना आसान है..”

“आई नो! बट वी विल ट्राई.. ओके? नाउ, लेट में हेल्प यू विद योर पजामा..”

कह कर उसने मुझे सहारा दिए हुए ही मेरे पजामे का नाड़ा ढीला कर दिया और मेरे पजामे को धीरे से नीचे सरका दिया। कोई और समय होता (मतलब अगर प्रिया होती) तो अब तक मेरा लिंग अपने पूर्ण उत्थान पर पहुँच कर छलांगे लगाने लगता, लेकिन इस समय शर्म, संकोच और नर्वसनेस होने के कारण मेरा लिंग एक छोटे से छुहारे के आकार का ही रहा। मैंने आयशा की तरफ देखने की हिम्मत नहीं की, लेकिन मुझे पूरी तरह से यकीन था की वो अवश्य ही उसी तरफ देख रही होगी, और उसके आकार पर मन ही मन हंस रही होगी..

खैर, जब मेरा पजामा यथोचित दूरी तक सरक गया, तो उसने मुझे सहारा दे कर कमोड पर बैठाया। मैंने कुछ देर तक कोशिश करी, लेकिन आयशा की उपस्थिति में मेरे लिए मूत्र करना संभव ही नहीं हो रहा था।

“कर लीजिये न..”

“थोड़ी प्राइवेसी मिल जाय... मुझसे हो नहीं पा रहा है ...”

“ओह सॉरी..!” कह कर वो बाथरूम से बाहर निकल गयी।

उसके जाते ही मन में कुछ शांति हुई - मैंने अपने जघन क्षेत्र की मांस-पेशियों को ढीला करने की कोशिश की और तत्क्षण ही मैंने मूत्र को बाहर निकलता महसूस किया। जब मैंने मूत्र कर लिया तो मैंने कुछ देर रुक कर आवाज़ लगाई,

“..आयशा?”

“जी.. आई..”

अन्दर आकर उसने सबसे पहले बाथरूम में नज़र दौड़ाई। एक तरफ उसको वेट-टिश्यु मिल गए। उसने उसमें से एक टिश्यु निकाल कर आधा फाड़ा, और मेरी तरफ मुखातिब हुई। उसने मुझे सहारा दे कर उठाया, और फिर मेरे लिंग को पकड़ कर उसके शिश्नाग्रच्छद को धीरे से पीछे की तरफ सरकाया उसको तीन-चार बार झटका दिया, जिससे मूत्र की बची हुई कुछ बूँदें निकल गई। फिर उसने वेट-टिश्यु की मदद से लिंग के सुपाड़े को ठीक से पोंछ दिया। इसके बाद हम दोनों वापस अपने कमरे में आ गए।

कमरे में आकर लेटने के कुछ देर तक हमने कोई बात नहीं करी। इसी बीच कामवाली आ गयी। आयशा ने उसको विशेष निर्देश दिए की घर और खासतौर पर मेरे कमरे की सफाई कैसे करी जाय, और यह भी की खाना कैसे बनाया जाय। यह निर्देश देते समय उसका अंदाज़ धौंस देने वाला नहीं था.. बल्कि यह साफ़ दिख रहा था की वो मेरी और कामवाली की मदद ही करना चाहती थी। सच में.. पहले ही दिन में आयशा का व्यक्तित्व, उसके बात करने का अंदाज़ और उसकी मुस्कान मेरे दिल-ओ-दिमाग पर छा गई।

रात में खाने के बाद तक आयशा घर पर ही थी, और संभव है की देर रात अपने घर गयी हो। रात में मेरे आँख एक बार खुली थी, लेकिन मैंने उसको वहाँ नहीं देखा। सवेरे जब आँख खुली तो उसको अपने बगल बैठा पाया।

“गुड मोर्निंग!”

मैंने उसकी आँखों में देखा। वही मुस्कुराती हुई आँखें, खिला हुआ चेहरा! मैं भी मुस्कुरा उठा। बगल में अश्विनी भी खड़ी हुई थी.. मैंने साइड टेबल पर रखी घडी पर नज़र डाली तो देखा की सवेरे के छः बजे थे!

“गुड मोर्निंग! आप रात में घर चली गईं थीं?”

“जी..”

“अरे! इतने रात में क्यों? सेफ नहीं रहता!”

“आई नो.. लेकिन अब्बू को बताया नहीं था..”

“उनकी देखभाल कौन करता है?”

“वो कर लेते हैं.. और खाना पीना हमारे पड़ोसी पका देते हैं.. इसलिए दिक्कत नहीं होती।“

“आयशा.. ऐसे तो अगर आप रात में घर जायेंगे तो ठीक नहीं रहेगा.. आप दिन में जाइए.. लेकिन सेफ रहना ज़रूरी है..”

“हम्म..”

“इससे मुझे एक आईडिया आ रहा है.. आप अपना सामान ले कर यही क्यों नहीं आ जातीं? हमारा स्टोर-रूम एक हाफ रूम जैसा है, और खाली पड़ा हुआ है। खाने पीने की सारी व्यवस्था यहीं हो जायेगी! और अश्विनी भी पढाई लिखाई कर रही है.. वो कम से कम फ्री हो जायेगी।”

“आप ऐसे क्यों कहते हैं जैसे मुझे आपकी इस हालत से कोई मुश्किल है? मैं भी आपकी सेवा करना चाहती हूँ..”

“अरे अश्विनी.. तुम नाराज़ मत हो! तुम्हारे कारण ही तो मैं बच सका हूँ.. लेकिन तुम जानती हो न की मुझे ज्यादा ख़ुशी तब मिलेगी, जब तुम अपनी पढाई पर ज्यादा ध्यान लगाओगी! है न? और मेरा क्या? मैं तो यहाँ चौबीसों घंटे पड़ा रहूँगा! हा हा!”

“आप जल्दी से ठीक हो जाओ.. आयशा और मैं, दोनों ही आपको जल्दी से ठीक कर देंगे.. है न आयशा?”

“बिलकुल.. चलिए, मैं आपको मोर्निंग एक्टिविटीज के लिए रेडी करती हूँ..”

“मैं भी आपकी मदद करती हूँ..” अश्विनी ने कहा।

“नहीं अश्विनी.. प्लीज.. मैंने तुम्हारे सामने वो सब नहीं कर पाऊँगा.. प्लीज ट्राई टू अंडरस्टैंड!”

“जी.. ठीक है..” अश्विनी ने अनमने ढंग से कहा, और कमरे से बाहर निकल गयी।

फिर आयशा ने मुझे सहारा दे कर बाथरूम पहुँचाया। कल इतनी बार उसके सामने नंगा होना पड़ा था, की आज मुझे बहुत कम शर्म आ रही थी। खैर, इस स्थिति को मन ही मन ज़ब्त कर के मैंने अपनी नित्य क्रिया करी, और वापस बिस्तर पर आ लेटा। आयशा ने मेरी साफ़ सफाई कर के मुझे बिस्तर पर लिटाया। तब तक अश्विनी चाय और सैंडविच बना कर ले आई, जिसको हम तीनों ने साथ मिल कर खाया। उसका कॉलेज सवेरे जल्दी शुरू हो जाता था, इसलिए उसने जल्दी ही हमसे विदा ली।

इस बीच में हमारी कामवाली आ गयी, और खाना पकाने के कार्य में जुट गयी।

“अथर्व, चलिए, आपको स्पंज बाथ दे देती हूँ?”

“स्पंज बाथ?”

“हाँ.. नहायेंगे नहीं तो एक तो आपको बेड-सोर हो जाएगा, और ऊपर से बदबू आने लगेगी..” कह कर उसने अपने नाक सिकोड़ी..

“अरे.. मैं तो बस ये कह रहा था की मैं खुद ही..”

“ओह गॉड! नॉट अगेन! हमने कल ही तो इस बारे में बात करी है.. आप बिलकुल सब कुछ करियेगा, लेकिन पूरी तरह से ठीक होने के बाद.. ओके?”

फिर इधर उधर देख कर, “मैं अभी आती हूँ..”

कह कर आयशा कमरे से बाहर निकल गई.. ज़रूर रसोई में गयी होगी। क्योंकि जब वो वापस आई तो उसके हाथ में एक मुलायम तौलिया, एक साफ़ चद्दर और गुनगुने पानी से भरी एक बाल्टी थी। कामवाली एक और बाल्टी में में ठंडा पानी ले आई थी। उसके जाने के बाद आयशा ने कमरे का दरवाज़ा थोड़ा बंद कर दिया और फिर मेरे कपड़े उतारने की प्रक्रिया करने लगी। मैं बुरी तरह से नर्वस था, लेकिन मैंने देखा की मेरी शर्ट उतारते समय आयशा के होंठों पर एक बहुत ही मंद मुस्कान थी, और उसकी आँखों में एक प्रसंशा भरी चमक। अगले पांच मिनट बाद, जब मैं पूरी तरह से निर्वस्त्र हो गया, तब उसकी बेहद मंद मुस्कान अब कुछ ज्यादा ही दिख रही थी।

“आयशा.. यू आर नॉट हेल्पिंग! आई ऍम नर्वस आलरेडी!!”

“ओह आई ऍम सॉरी! लेकिन आप नर्वस क्यों हैं?”

“अरे.. इस हालत में आपके सामने..”

“यू हैव अ नाईस मस्कुलर बॉडी! नर्वस तो.. मुझे होना चाहिए!” कह कर आयशा जोर से मुस्कुराई।

खैर, मैंने बात को आगे न खींचने का निर्णय लिया, और आयशा को उसका काम करने की छूट दे दी। वो तौलिये को भिगो कर मेरे पूरे शरीर को रगड़-रगड़ कर साफ करने लगी। गर्दन, सीना, पेट और बाहें साफ़ होने के बाद उसने मुझे धीरे से करवट बदलवाई, और पीठ, कमर, पुट्ठों और जांघों को उतने ही सावधानी से स्पंज बाथ देने लगी। मैं अचानक ही उछल गया – वो मेरी रीढ़ पर बारी-बारी से गर्म और ठंडा स्पंज करने लगी थी। उसने मुझे बताया की ऐसा करने से दिल और साँस के केन्द्र उत्तेजित हो जाते हैं, यह कई तरह के रोगों के निवारण करने में मदद करता है। एक बार फिर से उसने मेरी करवट बदल कर मुझे पीठ के बल लिटाया, और एक अलग छोटे तौलिये से मेरा चेहरा और सर पोंछकर सुखाने लगी।

साधारणतः, मेरा मेरी उत्तेजना पर अच्छा नियंत्रण रहता है। लेकिन एक अरसे से किसी भी तरह की यौन क्रिया न करने के कारण, मेरा लिंग बेकाबू सा हो गया। जैसे उसमें खुद ही सोचने समझने की की शक्ति आ गयी हो। ऐसा हो ही नहीं सकता की उसको मेरा उत्तेजित लिंग न दिख रहा हो, लेकिन वो बिलकुल प्रोफेशनल तरीके से मेरी सफाई कर रही थी। आयशा मगन हो कर जब मेरी सफाई कर रही थी, तब मैं उसके ही शरीर का जायजा ले रहा था – उसका कद कोई साढ़े पांच फ़ीट रहा होगा। चेहरा मोहरा तो साधारण ही था, लेकिन उसकी मुस्कान और जीवंत आँखें उसको सुन्दर बना देती थीं। उसकी यूनिफार्म तो आरामदायक थी, लेकिन फिर भी उसके स्तन और उनका आकार समझ में आ रहा था। उसने स्तनाग्र भी खड़े हो कर यूनिफार्म के कपड़े को सामने से कुछ कुछ उभार रहे थे। उसने ज़रूर ही एक हल्का सा मेक-अप किया हुआ था.. कुल मिला कर वो सुन्दर लग रही थी।

इतने अरसे के बाद एक स्त्री का इस तरह का अन्तरंग सान्निध्य पा कर अब मेरा लिंग अपने पूरे तनाव पर पहुँच गया।

“अच्छा है ‘ये’ इस तरह से खड़ा हुआ है... सफाई करने में आसानी रहेगी!”

वो मुझे सुना रही थी, या खुद से बात कर रही थी?

उसने मेरा लिंग अपने हाथ में पकड़ा और उसकी सफाई करने लगी। उसके छूते ही मुझे एक झटका सा लगा.. वैसे यह झटका मुझे ही नहीं, उसको भी लगा। जब मेरा लिंग पूरी तरह से जीवंत होता है, तो उसका आकार, उसका घनत्व और उसकी दृढ़ता कभी कभी मुझे भी आश्चर्यचकित कर देती है। मुझे यह तो नहीं मालूम, की आयशा ने ऐसा लिंग... या फिर कोई भी लिंग कभी भी अपने हाथ में पकड़ा है या नहीं, लेकिन इतना तो तय है की उस पर असर बखूबी हो रहा था।

अभी तक इतने आत्म-विश्वास के साथ मेरी सफाई करने के बाद, उसकी भी घबराहट दिखाई देने लगी। उसने धीरे धीरे, मानो डरते हुए, मेरे लिंग को गीले तौलिये से साफ़ करना शुरू

किया। मानो न मानो, मुझे उसका यह बदला हुआ रूप अब बहुत अच्छा लग रहा था। मुझे अपने लिंग, और उसके बल में बहुत भरोसा था, और मुझे लगता था की उसमें एक जादुई शक्ति है। जो भी लड़कियाँ मेरे जीवन में आईं, वो उससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकीं। आयशा के हाथों का स्पर्श बड़ा ही आनंददायक साबित हो रहा था। लेकिन कुछ होता, उससे पहले ही मेरे लिंग और अण्डकोषों की सफाई हो गई, और आयशा जल्दी से तौलिया और बाल्टी उठा कर कमरे से बाहर हो गई।

आने से पहले उसने मुझे खुद को संयत करने का समुचित समय दिया। कुछ देर की निष्क्रियता के बाद तना हुआ लिंग वापस शिथिल हो गया। आयशा कुछ देर बाद वापस कमरे में आई.. वो हमेशा की तरह मुस्कुरा नहीं रही थी.. लग रहा था की जैसे कुछ तनाव में हो। लेकिन मुझसे जैसे ही उसकी आँखें मिलीं, उसकी मुस्कान वापस आ गयी।

उसने मुझे सहारा दे कर उठाया, और एक आरामदायक कुर्सी पर बैठाया और चद्दर बदला। फिर मुझे वापस लिटा कर, एक नए चद्दर से ढक कर, मेरे और अपने लिए नाश्ता ले आई, और हम दोनों नाश्ता करते हुए वापस बातें करने लगे।

उसने मुझे उस दिन के बारे में बताया, जब उसको बतौर नर्स पहली नौकरी मिली थी। बंधी हुई तनख्वाह और अब्बू की मदद करने के ख़याल से ही रोमांच हो गया था उसको। कितनी खुश थी वह नौकरी पा कर! पहली बार नौकरी के लिए वो सफ़ेद यूनिफार्म पहनना, और फिर आइने के सामने खड़े होकर खुद को निहारना.. उसको आज भी याद है!

जहाँ उसको काम मिला था, वो एक नर्सिंग होम था। वहाँ पहले से काम करने वाली नर्स ने उसे धीरे-धीरे काम समझाना और सिखाना शुरू कर दिया। शुरू शुरू में वो मरीजों को इंजेक्शन देती थी, उनके चार्ट देख कर दवाई देती, आपरेशन के समय रोगियों को सम्हालती थी। वो ऑपरेशन होने पर शरीर से निकला कचरा और लोथड़े उठा कर फेंकने का भी काम करती। कई बार उस कचरे में साबूत बच्चा भी होता। सोचिए.. एक पूरा सबूत बच्चा! शुरू शुरू में इस काम में उबकाई आती, जी मचलाता और वापस काम पर आने का मन नहीं करता। लेकिन, धीरे धीरे वह इसकी आदी हो गई। अब वो सब बर्दाश्त कर लेती थी।

लेकिन उससे यह बात छुपी नहीं की यह और ऐसे कई नर्सिंग होम इस शहर का गटर थीं.. किस धड़ल्ले से यहाँ अवैध गर्भपात किया जाता है। जानते सभी हैं, लेकिन कोई कुछ कहता नहीं। नर्सिंग होम में काम करने वाले सारे कर्मचारी गूंगे और अंधे बन कर रहते हैं। आयशा ने भी ऐसे ही कुछ ही महीनों में कम बोलना सीख लिया... चुप रहना सीख लिया... और चेहरे को सपाट बनाना सीख लिया था। जल्दी ही उसका मन उकता गया और उसने वह नौकरी छोड़ दी, और रोगियों के साथ रह कर उनकी देखभाल करने का काम करने लगी।

यह सब बताने के बाद उसने मेरे बारे में पूछा। मैंने उत्तर में अपने काम के बारे में उसको बताया।

उसने फिर कुछ व्यक्तिगत सवाल पूछे..

“आपकी और मैडम की लव मैरिज हुई थी न?” उसने दीवार पर टंगी प्रिया की तस्वीर देखते हुए कहा।

“हाँ.. मैंने उसको उत्तराँचल में देखा था पहली बार... लव ऐट फर्स्ट साईट!” मैंने मुस्कुराते हुए कहा..

“आप उनसे बहुत प्यार करते हैं..”

प्रिया के बारे में याद आते ही उदासी छाने लगी।

“आप उदास हैं...” उसने कहा।

जब मैंने काफी देर तक कुछ नहीं कहा तो,

“आई ऍम सॉरी..”

“नहीं आयशा! डोंट से सॉरी! लेकिन.. प्रिया के जाने के बाद बहुत अकेला हो गया। न कुछ करने का मन होता, न ही जीने का.. जब एक्सीडेंट हो रहा था, तो लगा की अब इस दुःख से छुट्टी मिल जायेगी.. लेकिन.. लगता है की और जीना लिखा है किस्मत में!”

“अरे! आप ऐसे कैसे बोल रहे हैं? ज़रा सोचिये, जन्नत से मैडम आपको इस हालत में देखेंगी, तो क्या उनको अच्छा लगेगा? वो तो आपके लिए बस ख़ुशियाँ ही चाहती रही होंगी.. आपको ऐसे दुःख में देख कर उनको भी तो बहुत दुःख होगा न?”

“लेकिन फिर भी.. उसकी बहुत याद आती है..”

“याद तो आनी ही चाहिए! लेकिन उनको याद करके उदास मत होइए.. बल्कि खुश होइए.. साथ बिताये हुए ख़ुशी के मौके याद करिए.. और.. आप ऐसे ही उदास मत होइए। मैं हूँ न? मैं आपकी अच्छी दोस्त बन सकती हूँ! आप मुझसे दोस्ती करेंगे?”

“आयशा! आप पहले ही मेरी दोस्त बन चुकी हैं!” मैं मुस्कुराया।

बस.. ऐसे ही मेरे सुधार की गाडी आगे चल निकली। अस्पताल में तो समय बीतता ही नहीं था.. लेकिन यहाँ पर आयशा मेरे साथ मेरी छाया की तरह बनी रहती। लगता ही नहीं था की वो नर्स है.. बल्कि लगता की वो.. की वो.. मेरी पत्नी है! मेरी हर ज़रूरत को मुझसे भी पहले महसूस कर पूरा करने की कोशिश करती, हर लिहाज से मेरा पूरा ख़याल रखती।

दोपहर बाद अश्विनी कॉलेज से आती, और वो भी मेरे साथ ही रहती। मेरा जीवन वापस प्रेम से लबालब होने लगा। दोपहर बाद ही लगभग हर दिन कोई न कोई आ ही जाता - कभी नीचे मेडिकल स्टोर से कोई आ जाता, कभी कोई परिचित, कभी कोई ऑफिस से... तो कभी कोई पड़ोसी! अब तो जैसे आदत हो गयी.. दोपहर बाद आने वालों की प्रतीक्षा करना! लेकिन यह तो है की अब तक मुझे संसार और यहाँ के लोगों के बारे में जितनी भी गलतफहमियां थीं, वो सब ख़तम हो गईं। मैं समझ गया की दुनिया कठोर नहीं, बल्कि संवेदनशील है। मेरे एक्सीडेंट के बारे में जिसने भी सुना, वो सुनकर परेशान हो गया। भागा भागा चला आया देखने!

ऐसा कोई दिन नहीं गया जब प्रिया की याद न आई हो... उसकी याद आती तो मैं आँखें मूँद कर अतीत के संसार की यात्रा कर आता, उसके बारे में सोच कर आँसू भी ढुलका लेता, और भविष्य की चिंता में भी डूब जाता। कभी दर्द, तो कभी पीड़ा-भरी याद में जब मैं अचानक ही चिल्ला उठता, तो आयशा एक झटके से किसी फ़रिश्ते की तरह मुझे सम्हाल लेती।

कभी कभी उसकी बाते मुझे बोर भी करतीं। लेकिन उससे बात करना दिन का सबसे सुखद अनुभव होता था। वो रोज़ मुझसे बात करती, मुझे दवा देती, नहलाती, साफ़-सफाई करती, कभी कभार मुझे उपन्यास पढ़ कर सुनाती, तो कभी अखबार! वो मेरी फिजियोथेरेपी भी करती। ये सिलसिला चलता रहा। और उसी के साथ मेरी सेहत भी वापस आने लगी। हाथों और पैरों की हड्डियाँ जुड़ गईं, और उनमें ताकत वापस आने लगी। मैं अब खुद से चल फिर सकता था, और कई सारे छोटे मोटे काम कर सकता था.. लेकिन आयशा की आदत मुझे कुछ ऐसी लग गयी थी की मैं उसको मना नहीं कर पाता था। मेरी हालत में सुधार के बारे में उसको भी मालूम था, लेकिन वो भी कभी ऐसे नहीं दिखाती थी की उसको मुझे नहलाने इत्यादि में कोई झिझक नहीं महसूस होती थी।

एक दिन सवेरे वो मुझको स्पंज बाथ दे रही थी। वो हाँलाकि मेरे घर में ही रहती थी, लेकिन फिर भी पूरी इमानदारी से वो अपनी यूनिफार्म पहन कर ही मेरी देखभाल करती थी। लेकिन, आज जब वो नहा कर बाथरूम से बाहर आई, तो उसने आरामदायक, कैसुअल कपड़े पहने हुए थे। उसको टी-शर्ट और होसरी पजामा पहने देख कर मुझे अचम्भा हुआ, और अच्छा भी लगा।

“आयशा, तुम कितनी अच्छी लग रही हो आज!”

वो मुस्कुराई।

“जी.. वो.. मैं.. दो जोड़ी यूनिफार्म है.. और दोनों ही धोने में डाली हुई है..”

“आई ऍम नॉट कम्प्लैनिंग.. मैं तो कहता हूँ की तुम ऐसे ही रहा करो..”

हाँलाकि ये कोई कामुक कपड़े नहीं थी, लेकिन फिर भी बिना किसी बंधन के (उसने ब्रा नहीं पहनी हुई थी) उसके स्तन उसकी हर हरकत पर जिस प्रकार से हिल रहे थे, और जिस तरह से उसके पजामे ने उसके नितम्बो को उभार रखा था, उससे मेरे लिंग का स्तम्भन जल्दी कम

नहीं होने वाला था। हर रोज़ की तरह जब वो कमरे से बाहर जाने को हुई, तो मैंने लपक कर उसका हाथ पकड़ लिया।

“मेरे पास रहो..” न जाने कैसे मेरे मुँह से यह तीन शब्द निकल गए। निश्चित है, मेरी आँखों में वासना के डोरे आयशा को साफ़ दिख रहे होंगे!

आयशा कुछ नर्वस दिख रही थी। उसके होंठ कांप से रहे थे, और होंठों के ऊपर पसीने की एक पतली सी परत साफ़ दिख रही थी। मैं भी नर्वस था.. स्पंज-बाथ के बाद नग्नावस्था में लेटा हुआ था। न जाने क्या होने वाला था आज..!

“अथर्व..?”

मैंने कुछ नहीं कहा, बस उसका हाथ पकड़े हुए ही उसको पहले तो बिस्तर पर बैठाया.. और उसका हाथ तब तक अपनी तरह खींचता रहा जब तक वो मेरे बराबर ही बिस्तर पर लेट नहीं गयी। जिस तरह से वो निर्विरोध यह सब कर रही थी, उससे तो तय था की आज हम दोनों का मिलन होना ही था।

“हम दोनों दोस्त हैं न?” वो पूछ रही थी, की बता रही थी? कुछ समझ नहीं आया.. लेकिन यह तो तय था की वो नर्वस बहुत थी।

“यस.. सो ट्रस्ट मी! ओके?” मैंने कहा।

उसके लेटते ही मैंने उसके होंठों पर एक चुम्बन रसीद कर दिया। उसके होंठ बहुत ही नरम थे। बहुत दिनों बाद किसी लड़की के होंठ चूमने को मिला! इसलिए मैंने चुम्बन जारी रखा और कुछ देर में मैंने उसके होंठ चूसने शुरू कर दिए। मैं उसके एक एक होंठ को अपने होंठों के बीच में दबा कर उनको जीभ से दुलारता। आयशा चुम्बन करने में अनाड़ी थी। मुझे समझ में आ गया की यह सब उसके साथ पहली बार हो रहा है (मतलब, हर बात में अनाड़ी थी)। मैंने जब अपनी जीभ उसके मुंह में डालने की कोशिश करी, तो कुछ हिचक के बाद उसने अपना मुंह खोल दिया। अब हमारी जीभें एक दूसरे के मुँह में थीं। इतने दिनों बाद ऐसा चुम्बन करने में मुझे बहुत आनंद आ रहा था।

चूमते हुए ही मेरा हाथ उसके सर और उसके बालों में फिरने लगा.. एकदम कोमल, मुलायम बाल!

“तुम्हारे बाल बहुत सुन्दर हैं.. एकदम कामुक!” इस शब्द का प्रयोग उसके सामने मैंने एक तो पहली बार किया और दूसरा, जान-बूझ कर किया। मैं चाहता था की हमारी आपस में हिचक दूर हो जाय। लेकिन आयशा नर्वस ही रही..

“हाँ.. सिर्फ बाल ही हैं..” शायद वो आगे ‘कामुक’ कहना चाहती थी, लेकिन हिचक रही थी।

उसको चूमते हुए मेरा हाथ उसके एक स्तन पर आ गया। जैसा मैंने बताया था, उसने ब्रा नहीं पहनी थी और उत्तेजना के मारे उसके स्तनाग्र खड़े हुए थे। उसने झट से अपने हाथ से मेरे हाथ को पकड़ लिया। लेकिन उसके पकड़ने से मैं रुक नहीं सकता था, लिहाजा, मैंने उसका स्तन दबाना शुरू किया। कुछ ही देर में उसकी पकड़ कमज़ोर हो गयी और वो आहें भरने लगी। मैंने चुम्बन लेना जारी रखा, और साथ ही साथ उसकी टी-शर्ट को ऊपर उठाने लगा।

“नहीं.. प्लीज.. मुझे नंगी मत करिए!”

“देखते हैं न.. की तुम्हारा और क्या क्या कामुक है!”

“और कुछ भी कामुक नहीं है.. मैंने आपको बताया न!” आयशा विरोध नहीं कर रही थी.. मुझे ऐसा लग रहा था की यह एक सामान्य सा वार्तालाप है।

“आयशा.. आज हम दोनों रुक नहीं पाएँगे.. न तुम, और न ही मैं! ... लेकिन अगर तुम वाकई नहीं चाहती हो, तो हम ये नहीं करेंगे..”

कह कर मैं कुछ देर के लिए रुक गया, और उसकी किसी प्रतिक्रिया का इंतज़ार करने लगा। जब उसने कुछ विरोध नहीं किया और बिस्तर से उठने की कोई कोशिश नहीं करी, तो मैंने उसकी टी-शर्ट उसके शरीर से अलग कर दी। सामने का दृश्य देख कर आनंद आ गया – छत्तीस इंच के भरे पूरे गोल स्तन! लाल-भूरे रंग के छोटे छोटे स्तनाग्र।

कहने की आवश्यकता नहीं की मैंने उसके स्तनों को दबाते हुए चूसना आरम्भ कर दिया। आयशा भी अभी खुल कर आनंद लेने लगी। आदमी की अजीब हालत होती है – किसी भी उम्र का हो, अगर उसके सामने किसी लड़की या स्त्री का स्तन हो, तो उनको बिना पिए रह नहीं सकता।

‘ओह भगवान्! कितने दिन हो गए!’

‘ओह भगवान्! कितने दिन हो गए!’

मैं किसी भूखे बच्चे की तरह आयशा से लिपट कर उसका स्तन पी रहा था, और उनसे खेल रहा था। आयशा आँखें बंद किये हुए इस अनोखे अनुभव का मज़ा ले रही थी। उसकी भी उत्तेजना बढ़ती जा रही थी – जो की उसकी भारी होती सांसों से परिलक्षित हो रहा था। वो खुद भी मेरे सर को अपने स्तन से सटा कर रखे हुए थी। उसने मेरे शरीर को सहलाना आरम्भ किया, और ऐसे सहलाते हुए उसका हाथ मेरे लिंग पर पहुंचा! साफ़ सफाई करते समय वो बिलकुल भी संकोच नहीं करती थी, लेकिन इस समय उसने अपना हाथ तुरंत हटा लिया।

“क्या हुआ?”

“य्य्ये बहुत बड़ा है।“

एक बार मैंने एक चुटकुला सुना था, जिसमे दुनिया के सबसे बड़े झूठों में एक यह बताया गया था की जब औरत किसी मर्द को कहे की तुम्हारा पुरुषांग बहुत बड़ा है।

अक्सर यह दलील दी जाती है की जब योनि में से पूरा बच्चा निकल आता है, तो फिर लिंग का साइज़ क्या चीज़ है? उसका उत्तर यह है की जब स्त्री प्रजनन करने वाली होती है, तो होर्मोन्स के प्रभाव से उसके शरीर में (ख़ास तौर पर जघन क्षेत्रों में) अभूतपूर्व लचीलापन आ जाता है.. यह क्रिया सामान्य अवस्था में नहीं होती है.. इसलिए अगर लिंग बड़ा है, और स्त्री ऐसा कहे, तो यह बात सुननी चाहिए, और आराम से काम करना चाहिए।

“आर यू ओके, आयशा?”

“पता नहीं..” फिर कुछ देर रुक कर, “.. मुझे डर लग रहा है, अथर्व! अभी जो हो रहा है, मैं उसके लिए बिलकुल भी रेडी नहीं थी... समझ नहीं आ रहा है की मैं क्या करूँ..!”

“तुमको कुछ भी करने से डर लग रहा है?” मैंने पूछा। आयशा वाकई डरी हुई लग रही थी।

“व्व्वो.. मैं.. आई.. आई ऍम स्टिल अ वर्जिन!”

“व्ही डोंट नीड टू डू एनीथिंग, इफ़ यू डोंट वांट टू, स्वीटी!” मैंने आयशा को स्वान्त्वाना देते हुए कहा, “व्ही कैन जस्ट बी विद ईच अदर!”

मेरी बात से आयशा कुछ तो शांत हुई.. लेकिन फिर उसकी आँखें मेरे पूरी तरह से सूजे हुए लिंग पर पड़ी।

“लेकिन... लेकिन.. आप क्या ‘करना’ नहीं चाहते?”

मैंने आयशा को अपनी बाहों में लेते हुए शांत स्वर में कहा, “बिलकुल करना चाहता हूँ.. लेकिन सिर्फ तभी, जब तुम भी चाहती हो। तुमने कभी सहवास नहीं किया.. इसलिए अब यह तो मेरी जिम्मेदारी है की तुमको उसका पूरा आनंद मिले.. और उसके लिए सबसे पहले तुम्हारी रज़ामंदी चाहिए.. है न?”

मेरी इस बात पर आयशा मुझसे और चिपक सी गई, और उसने मेरे सीने पर अपना हाथ रख दिया। मैं इस समय उसके दिल की धड़कन सुन सकता था। फिर उसने एक गहरी सी सांस भरी और सर हिला कर हामी भरी।

“क्या हुआ आयशा?”

“रज़ामंदी है..”

“हंय?”

“आपने कहा न, की रज़ामंदी चाहिए? तो.. रज़ामंदी है!”

“पक्का आयशा? क्योंकि एक समय के बाद मैं भी खुद को रोक नहीं पाऊँगा!”

“पक्का.. बस, थोड़ा सम्हाल कर करिएगा.. सुना है की बहुत दर्द होता है!”

“आयशा, डरो मत! मैं तुमको दर्द नहीं होने दूंगा... बस, कोशिश कर के मजे करो! चलो, अभी जूनियर से कुछ जान पहचान बढ़ाओ..” मैंने मुस्कुराते हुए उसको हौसला दिया।

उसने हिचकते हुए मेरे लिंग को अपनी हथेली में पकड़ा और ऊपर नीचे करने लगी, उधर मैंने भी उसके पजामे के ऊपर से ही उसकी योनि को धीरे धीरे सहलाना शुरू किया। ऐसा अनुभव उसको पहली बार हो रहा था, इसलिए कुछ ही देर में आयशा बेकाबू हो गयी। लेकिन मैंने उसकी योनि का मर्दन जारी रखा। उसका रस निकलने लग गया था, क्योंकि पजामे के सामने का हिस्सा गीला और चिपचिपा हो गया था। फिर कोई दस मिनट बाद मैंने अपना हाथ उसके पजामे के अन्दर डाल कर उसकी योनि की टोह लेनी आरम्भ करी। आयशा कामुक आनंद के शिखर पर पहुँच गयी थी।

कुछ ही क्षणों में मैंने अपनी उंगली ज़ोर-ज़ोर से उसकी योनि पर रगड़ना शुरू किया, और वहाँ का गीलापन, और गर्मी अपनी उंगली पर महसूस किया। वो इस समय अपनी पीठ के बल बिस्तर पर निढाल लेट गयी थी और साथ ही साथ अपनी टाँगें भी कुछ खोल दी थीं, जिससे मेरे हाथ को अधिक जगह मिल सके। मैंने अपनी तर्जनी उंगली को उसकी योनि में घुसाने लगा। एक पल तो आयशा ने अपनी साँसें रोक ली, लेकिन उंगली पूरी अन्दर घुस जाने के बाद उसने राहत में सांस छोड़ी। उसकी योनि प्रिया की योनि के जैसे की कसी हुई थी! उतनी ही तंग! लेकिन आश्चर्य की बात है की वो कोमल भी बहुत थी! और, वहाँ पर काफी बाल भी थे.. आनंद आने वाला है!

कुछ देर तक उंगली को उसकी योनि के अन्दर बाहर करने के बाद आयशा दोबारा अपने चरम पर पहुँच गयी। उसकी कामुक आहें निकलने लगीं। जब तक उसने आहें भरीं, तब तक मैंने उंगली से मैथुन जारी रखा, लेकिन जब वो अंततः शांत हुई, तो मैंने उंगली निकाल ली और सुस्ताने लगा।

“आप रुक क्यों गये?” उसने पूछा।

“अब तो मेन एक्ट का टाइम है.. तुम रेडी हो?”

“बाप रे! अभी ख़तम नहीं हुआ? मैं तो थक गयी.. ओह्ह...”

“अभी कहाँ ख़तम? अभी तो हमें ‘कनेक्ट’ होना है.. तभी तो पूरा होगा..”

कह कर मैंने अपने लिंग की ओर इशारा किया, और उसका पजामा नीचे सरका कर उसके शरीर से मुक्त कर दिया। अब हम दोनों ही पूरी तरह नग्न मेरे बिस्तर पर थे। मैंने वापस उसके दोनों स्तनों को अपने हाथों में लेकर उसको मसलने लगा। वो पुनः वासना के सागर में गोते लगाने लगी। मैंने उसके कन्धों को चूमना शुरू कर दिया और वहाँ से होते हुए उसके कान को चूमा और उसकी लोलकी को चूसने लगा।

“आयशा, क्या तुम्हे अच्छा नही लग रहा?”

उसने सिर्फ सर हिला कर हामी भरी।

मैंने उसके हाथ में अपना लिंग दिया। कमाल की बात है आयशा के मज़बूत, नर्स वाले हाथ इस समय मेरे लिंग पर काफी मुलायम और नाज़ुक महसूस हो रहे थे। उधर मैंने उसके शरीर को चूमना और चाटना जारी रखा। मैं चूमते हुए उसकी गर्दन से होते हुए उसके पेट, और फिर वहाँ से उसकी योनि को चूमने और चाटने लगा। मैं जीभ की नोक से उसकी योनि के भीतर भी चूम रहा था। अभी कुछ ही समय पहले रिसा हुआ योनि-रस काफी स्वादिष्ट था। अब मैं भी रुकने की हालत में नहीं था, लेकिन फिर भी मैंने जैसे तैसे खुद पर काबू रखते हुए उसकी योनि चाटता रहा। कुछ देर बाद वो तीसरी बार स्खलित हो गयी। उसकी योनि का रंग उत्तेजना से गुलाबी हो गया था।

